


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 76 | बुधवार, 29 अप्रैल 2026 | बैशाख शुक्ल त्रियोदशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर



### पहली मई से बदल रहे हैं एलपीजी के नियम

**नई दिल्ली।** अगर आप घर में LPG गैस सिलेंडर इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। 1 मई 2026 से LPG से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। ये बदलाव बुकिंग, डिलीवरी और कीमत से जुड़े हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से इन नियमों को समझ लें, ताकि बाद में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। अब गैस सिलेंडर बुक करने के बीच का समय बढ़ा दिया गया है। पहले जहां शहरों में 21 दिन बाद नया सिलेंडर बुक किया जा सकता था, अब इसके लिए 25 दिन का इंतजार करना होगा। वहीं, ग्रामीण इलाकों में यह समय 45 दिन तक हो सकता है. इसका मतलब है कि अब आपको गैस का इस्तेमाल थोड़ा प्लान करके करना होगा।

### अमेरिका के संसद में आया नया बिल

**नई दिल्ली।** अमेरिका में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों पर हो रहे लगातार हमलों के बीच वहां की कांग्रेस में एक नया प्रस्ताव रखा गया है। इसका उद्देश्य हिंदू मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों को उत्पीड़न से बचाना है। लॉमेकर्स का कहना है कि अलग-अलग धर्मों के लोगों के लिए खतरे बढ़ रहे हैं। इस प्रस्ताव का नाम 'सेफगार्डिंग एक्सेस टू कांग्रेगेशन्स एंड रिलीजियस एस्टैब्लिशमेंट्स फ्रॉम डिसरप्शन' (सेक्रेड एक्ट) है। इसके तहत किसी भी पूजा स्थल के 100 फीट के दायरे में लोगों को डराना, रास्ता रोकना या परेशान करना संघीय अपराध माना जाएगा। इस प्रस्ताव को टॉम सुओजी ने पेश किया था और मैक्स मिलर ने इसमें उनका साथ दिया। सुओजी ने कहा, "किसी को भी परेशान होने या डराए-धमकाए जाने का हकदार नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब वे अपने पूजा स्थल की ओर जा रहे हों।

## सपा के प्रतिनिधिमंडल ने लड़की के पिता से की मुलाकात, पांच लाख का चेक सौंपा

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार सुबह गाजीपुर जिले के कटरिया गांव पहुंचा और अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय की उस 17 वर्षीय लड़की के पिता सियाराम विश्वकर्मा को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा, जिसका शव 15 अप्रैल को गंगा नदी में पाया गया था।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस लाइन में मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सपा नेता रामाश्रय विश्वकर्मा, विधायक जयकिशन साहू, सीमा राजभर और रीता विश्वकर्मा कड़ी सुरक्षा के बीच कटरिया गांव के लिए रवाना हुए। गांव पहुंचकर नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। नेताओं ने पुष्टि की कि दुख की इस घड़ी में पार्टी उनके साथ एकजुटता से खड़ी है। इसकी पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने बताया कि सपा का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को यहां पहुंचा। राजा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल कटरिया गांव पहुंचा जहां उन्होंने मृतका के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें पांच लाख रुपये का चेक दिया। 17 वर्षीय लड़की का शव 15 अप्रैल को गंगा नदी में पाया गया था और परिवार ने यौन उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया है। विवाद 22 अप्रैल को उस समय और गहरा गया जब पीड़िता के परिवार से मिलने पहुंचे सपा प्रतिनिधिमंडल पर कटारिया गांव में पथराव किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए।

## नदी में नहाने गए 6 दोस्त तेज बहाव में बहे, 2 युवकों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 20 घंटे बाद मिला दूसरे युवक का शव, ग्रामीणों ने 4 को बचाया, परिजनों में कोहराम

**रामपुर/ मिलक।** सोमवार शाम को नदी में नहाने गए 6 दोस्तों में से 2 की डूबकर मौत हो गई। तेज बहाव में बहे एक युवक का शव घटना के कुछ घंटे बाद ही मिल गया।



नन्हे का फाइल फोटो।

था, जबकि दूसरे का शव 20 घंटे चले रेस्क्यू के बाद मंगलवार को बरामद हुआ। ग्रामीणों की तत्परता से 4 युवकों को बचा लिया गया। हादसे के बाद दोनों मृतकों के घरों में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक मिलक क्षेत्र के 6 युवक सोमवार दोपहर करीब 3 बजे कोसी नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और 6 में से 2 युवक गहरे पानी में चले गए। बाकी 4 दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों और गोताखोरों ने तुरंत रेस्क्यू शुरू किया। 4 युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन दो युवक लापता हो गए। कुछ घंटे की मशक्कत के बाद शाम को एक युवक का शव बरामद हो गया। दूसरे की तलाश में स्थानीय गोताखोर रातभर जुटे रहे।



मौके पर लगी भीड़। –समाचार प्लस

**20 घंटे बाद मिला दूसरा शव**

मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दूसरे युवक का शव घटनास्थल से करीब 2 किमी दूर झाड़ियों में फंसा मिला। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अर्जुन और 21 वर्षीय विकास के रूप में हुई है। दोनों मिलक के रहने वाले थे। लोगों ने बताया कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां नदी में गहरा कुंड है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं।अर्जुन के पिता ने बताया, "बेटा दोस्तों के साथ घूमने गया था। बताया भी नहीं कि नदी नहाने जा रहा है। अब उसका शव देखकर कलेजा फट रहा है। गांव में एक साथ दो अर्थियां उठने से मातम पसरा है

# ईरान ने होर्मुज खोलने के लिए अमेरिका के सामने रखीं 3 शर्तें

**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान की जंग कब खत्म होगी, होर्मुज कब खुलेगा, दुनिया से तेल-गैस के संकट के बादल कब छंटेंगे... यह कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब तो सब जानना चाहते हैं लेकिन उसका जवाब किसी को नजर नहीं आ रहा। ईरान ने तेल-गैस व्यापार के लिए अहम समुद्री रास्ते होर्मुज को फिर से खोलने के लिए अमेरिका के सामने तीन शर्तें रखी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कथित तौर पर ईरान के इस प्रस्ताव से खुश नहीं हैं। चलिए आपको बताते हैं कि ईरान की तरफ से अमेरिका के सामने क्या प्रस्ताव रखा गया था और ट्रंप इससे नाखुश क्यों हैं।



- अमेरिका ईरान और उसके बंदरगाहों पर लगी नाकाबंदी हटा दे
- मिडिल ईस्ट में युद्ध खत्म किया जाए
- ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को आगे के चरण के लिए टाल दिया जाए

यह प्रस्ताव ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने वीकेंड पर ओमान और पाकिस्तान में बातचीत करने वाले लोगों से मुलाकात के दौरान पेश किया. द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, इसका मकसद चल रहे संघर्ष में फंसे गतिरोध को तोड़ना और बातचीत फिर से शुरू करना है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ईरान के इस प्रस्ताव पर शक कर रही है। यह साफ नहीं है कि ट्रंप इस प्रस्ताव से क्यों संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत बाद में करने की बात है। ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए, और युद्ध करने का एक कारण यह भी था कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोका जाए।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे किसी समझौते को लगभग खारिज कर दिया, जिसमें ईरान का परमाणु कार्यक्रम शामिल न हो। उन्होंने सोमवार को फॉक्स न्यूज के इंटरव्यू में कहा, "हम उन्हें इससे बचने नहीं दे सकते। उन्होंने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जो भी समझौता हो, वह ऐसा हो जो उन्हें किसी भी समय परमाणु हथियार बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ने से पूरी तरह रोके। अब तक, व्हाइट हाउस ने ईरान के प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है. लेकिन इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि युद्ध और ईरान के यूरेनियम समृद्धि (एनरिचमेंट) प्रयासों पर चर्चा जारी रहेगी।

## बनारस को पीएम मोदी ने दी 6300 करोड़ रुपये की सौगात, 163 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**बनारस।** प्रधानमंत्री मोदी यूपी दौरे के दौरान हरदोई जिले में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे, जो देश में विश्व स्तरीय अवसंरचना के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। गंगा एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा, 6 लेन (जिसे 8 लेन तक बढ़ाया जा सकता है), पहुंच-नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर है, जिसे लगभग 36,230 रुपए करोड़ की कुल लागत से बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए आज बेहद खास दिन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज और कल (28-29 अप्रैल) को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे, हरदोई जिले में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी वह 28 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां वे लगभग 6,350 करोड़ रुपए की



विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी सभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी 29 अप्रैल को सुबह लगभग 8:30 बजे वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद वह हरदोई के लिए रवाना होंगे और लगभग 11:30 बजे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम योगी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष ने जिस तरह महिला आरक्षण बिल को पारित नहीं होने दिया, उसने महिलाओं को आक्रोश से भर दिया। लेकिन ये महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं। पीएम मोदी वाराणसी पहुंच चुके हैं। वो थोड़ी देर में महिलाओं को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब 50 हजार महिलाएं शामिल होंगी। पीएम मोदी खुली जीप के जरिए महिलाओं के बीच से मंच पर पहुंचे और उन्होंने महिलाओं का अभिवादन भी किया। सीएम योगी और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन भी पीएम के साथ दिखे। पीएम मोदी के वाराणसी आगमन पर माहौल उत्साह से सराबोर हो गया है। महिलाओं में जबरदस्त खुशी देखने को मिल रही है।

## बख्शे नहीं जाएंगे लोकतंत्र के अपराधी: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है । प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख़्शे नहीं जाएंगे।




अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इस प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि से जुड़ा मामला बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकरण में होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री का रुख क्या है।

## जयशंकर ने यूएनजीए प्रमुख से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बैठक में यूएन80,सतत विकास लक्ष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। साथ ही आज के समय के अनुसार वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया, खासकर वैश्विक दक्षिण के हितों को ध्यान में रखते हुए।

हैदराबाद हाउस में हुई इस मुलाकात में बेयरबॉक ने भारत सरकार के आमंत्रण और मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, दुनिया में बढ़ते तनाव, विभाजन और



संयुक्त राष्ट्र के मूल सिद्धांतों पर दबाव जैसी चुनौतियां सामने हैं। जलवायु परिवर्तन, कोविड जैसी महामारी और युद्धों के आर्थिक असर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी हिस्से की घटना का असर पूरी दुनिया पर पड़ता है।

बेयरबॉक ने कहा कि उनके कार्यकाल की प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करना है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के देशों के गठबंधन की बात कही।

## सोनम रघुवंशी को 10 माह बाद मिली जमानत

**इंदौर।** इंदौर के हनीमून मर्डर मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिल गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोर्ट से जमानत मंजूर हो चुकी है, हालांकि जमानत का विस्तृत आदेश अभी जारी नहीं किया गया है। सिर्फ सोनम ने ही जमानत याचिका दायर की थी, जबकि बाकी आरोपियों ने अब तक कोई जमानत याचिका दाखिल नहीं की है। ईस्ट खासी हिल्स जिला और सत्र न्यायाधीश न्यायालय के लीगल एड सेल की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। सोनम की तरफ़ से दलील दी गई कि जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है, उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है और आगे भी सहयोग करेंगी. वह लगभग 10 महीनों से जेल में बंद हैं, इसलिए उन्हें जमानत से वंचित नहीं किया जाना चाहिए. सूत्रों के



मुताबिक, उनके पिता और चचेरे भाई ज़मानत बांड देने के लिए शिलांग पहुंच गए हैं और संभावना जताई जा रही है कि उन्हें आज शाम रिहा कर दिया जाएगा।

यह मामला देश की सबसे चर्चित हत्या की वारदातों में से एक है। पुलिस के मुताबिक, राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 21 मई को हनीमून मनाने शिलांग पहुंचे थे। वहां से दोनों 26 मई को सोहरा घूमने गए। उसी दिन दोनों लापता हो गए। पुलिस, NDRF, SDRF और स्थानीय टीमों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया. करीब एक हफ्ते बाद 2 जून को राजा का शव सोहरा के मशहूर वेई सादोंग फॉल्स के पास एक गहरी खाई में मिला। मध्यप्रदेश के व्यवसायी रघुवंशी की पिछले साल मई में अपनी पत्नी के साथ हनीमून पर मेघालय आने के बाद हत्या कर दी गई थी। पांचों आरोपियों में रघुवंशी की पत्नी सोनम, राज कुशवाहा और तीन हमलावर विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश से व्यापारी की हत्या करने आए थे। इन सभी ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है. पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम सोहरा जाने से पहले 21 मई को शिलांग आए थे।

## यूपी पुलिस में होगी एक लाख नई भर्तियां : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए मंगलवार को कहा कि योग्य और क्षमतावान युवा स्वतःस्फूर्त भाव से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहते हैं और इसके लिए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा है।



उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्तियां करने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित किए और इस अवसर पर विभाग पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन में उत्तर प्रदेश होमगार्ड में 41 हजार भर्तियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। सिविल पुलिस, उपनिरीक्षक (एसआई) और होमगार्ड समेत विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों से कहा, "सभी चाहते थे कि भर्ती ईमानदारी से हो। डबल इंजन सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से हुई है।

**निकाय चुनाव** | गुजरात के स्थानीय चुनाव में फिर लहराया भगवा

## सभी 15 नगर निगम में भाजपा ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** गुजरात में एक बार फिर भाजपा का परचम लहराया है। सूरत, राजकोट, वडोदरा और अहमदाबाद समेत राज्य की सभी 15 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी को शानदार जीत मिली है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद आज शाम 5 बजे अहमदाबाद में विजयोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा मौजूद रहेंगे।



अब तक के नतीजों के अनुसार अहमदाबाद महानगरपालिका की कुल 192 सीटों में भाजपा ने 99 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस को 9 सीटें मिली हैं। आम आदमी पार्टी और एआईएमआईएम को यहां कोई सफलता नहीं मिली। सूरत महानगरपालिका की 120 सीटों में से भाजपा ने 75 सीटों पर कब्जा जमाया है। कांग्रेस को सिर्फ 1 सीट मिली है, जबकि आम आदमी पार्टी को 4 सीटों पर जीत हासिल हुई है। राजकोट महानगरपालिका की कुल 72 सीटों में भाजपा ने 65 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को यहां 7 सीटें मिली हैं। वडोदरा महानगरपालिका की 76 सीटों में से भाजपा ने 49 सीटें जीती हैं, कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं, जबकि 1 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है।निकाय चुनावों में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने जीत का परचम लहराया है और राज्य की सभी 15 महानगरपालिकाओं में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है, वहीं आम आदमी पार्टी को इस बार बड़ा झटका लगा है। पिछली बार सूरत में आम आदमी पार्टी को 27 सीटें मिली थीं और वह मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी, लेकिन इस बार अब तक आए नतीजों में पार्टी को कोई खास सफलता नहीं मिलती दिख रही है। इसके अलावा राज्य की नगरपालिकाओं, तहसील पंचायतों और जिला पंचायतों में भी भाजपा ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए ज्यादातर जगहों पर जीत दर्ज की है। हालांकि कुछ स्थानों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी सफलता मिली है। वहीं, बीजेपी को वडोदरा जिले की डभोई नगर पालिका में 9 वार्ड की कुल 36 सीटों पर बीजेपी को 15 और कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिली। गुजरात निकाय चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने शानदार एंट्री मारी है। दिंद्रोल तालुका पंचायत सीट में AIMIM उम्मीदवार ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों को पछाड़कर जीत दर्ज की है। वहीं सिद्धपुर पंथक में पहली बार AIMIM का खाता खुला है। अब्बास अलीमद असामी1877 वोटों से दिंद्रोल तालुका पंचायत सीट जीत गए हैं।

## अब छिप नहीं सकते ड्रग माफिया... दाऊद के करीबी सलीम डोला के प्रत्यर्पण पर अमित शाह ने की एनसीबी की तारीफ

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मंगलवार को तुर्की से ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश में ड्रग माफिया और नार्को सिंडिकेट के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति लगातार जारी है और इस दिशा में एजेंसियां मजबूती से काम कर रही हैं।

अमित शाह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, "भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत हमारी नार्को रोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मजबूत नेटवर्क के जरिए सीमाओं के पार



भी अपनी पकड़ बना ली है। अब वे कहीं भी छिप जाएं, ड्रग सरगनाओं के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।"

ड्रग्स के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े बड़े नामों में शामिल सलीम डोला को मंगलवार को आखिरकार भारत लाया गया। माना जाता है कि वह दाऊद इब्राहिम का करीबी रहा है और लंबे समय से ड्रग तस्करी के धंधे में सक्रिय था। सलीम को दिल्ली के टेक्निकल एयरपोर्ट पर डिपोर्ट किया गया, जहां से खुफिया एजेंसियों ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, पथराव, फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज, चार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली पुलिस ने दो पक्षों में हुई मारपीट, पथराव और फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है। सोमवार को थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पनवाड़ी निवासी मुनेन्द्र मिश्रा और प्रभाकर शुक्ला उर्फ गुड्डू के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडो और तमंचे से लैस होकर आमने-सामने आ गए, दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले, पथराव हुआ और फायरिंग की गई। इस मामले में मुनेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर वरुण शुक्ला आदि 10 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। जबकि दूसरे पक्ष के प्रभाकर शुक्ल उर्फ गुड्डू की तहरीर पर शुभम मिश्रा समेत 06 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त पवन शुक्ला और आशीष शुक्ला को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दूसरे पक्ष के शुभम मिश्रा और शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी थाना सिंधौली में अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# आईएएस का नकाब पहनकर सगी बहनों ने लूटा शहर, नौकरी के नाम पर लाखों डकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के बारादरी क्षेत्र में दो सगी बहनों ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये ठग लिए। फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर सरकारी नौकरी का झांसा दिया गया। जब पीड़ित ज्वॉइनिंग के लिए लखनऊ पहुंचे तो सच्चाई सामने आई और पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने दोनों बहनों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

फाइक एन्क्लेव निवासी प्रीति लॉयल ने पुलिस को बताया कि ग्रीन पार्क की रहने वाली शिखा पाठक ने उनसे संपर्क बढ़ाया। उसने अपनी बहन डॉ. विप्रा शर्मा को गजरौला में तैनात आईएएस अधिकारी (अपर जिलाधिकारी वित्त) बताया। सचिवालय में ऊंची पहुंच और नौकरी लगवाने के दावे कर पीड़ितों को भरोसे में लिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में खुद को आईएएस अधिकारी बताकर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये ठगने वाली सगी बहनें।

### लग्जरी कार, मोबाइल और 55 लाख रुपये जब्त

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से कूटरचित दस्तावेज, 10 चेकबुक, 4 मोबाइल फोन (महंगे स्मार्टफोन), दो लैपटॉप और 4.50 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा एक लग्जरी कार भी जब्त की गई है। साथ ही विभिन्न बैंक खातों में जमा करीब 55 लाख रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह संगठित ठगी का मामला है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

### बेरोजगारों से वसूले लाखों रुपये

प्रीति ने अपने परिचित आदिल खान, संतोष कुमार और मुशाहिद को भी इस सेटिंग के बारे में बताया। सभी ने सरकारी नौकरी के लालच में कई किश्तों में लाखों रुपये आरोपियों को दे दिए। पुलिस के अनुसार, ठगी में दीक्षा पाठक का नाम भी सामने आया है। दोनों बहनों ने खुद को प्रभावशाली अधिकारी दिखाते हुए कथित तौर पर शासन स्तर के नाम से फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। कंप्यूटर परिचालक समेत विभिन्न पदों पर नियुक्ति का दावा किया गया। जब चारों युवक ज्वॉइनिंग के लिए लखनऊ के विभूति खंड पहुंचे, तो पता चला कि ऐसी कोई भर्ती ही नहीं निकली है।

### परिवार समेत गिरोह चलाने का आरोप

पीड़ितों का कहना है कि यह पूरा एक संगठित गिरोह है, जिसमें परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। आरोप है कि दोनों बहनें इसी तरह लोगों को फंसाकर ठगी करती थीं और कई अन्य लोग भी इनके शिकार हो चुके हैं। बारादरी थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह के मुताबिक, चार पीड़ितों ने करीब साढ़े 11 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। आशंका है कि जांच में और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं।

# कागजों में 24 घंटे बिजली, ज़मीन पर 11 घंटे अंधेरा, सिंधुनगर फीडर ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने शहरवासियों की कमर तोड़ दी है। एक तरफ निगम कागजों में 23 घंटे 45 मिनट बिजली देने का दावा कर रहा है, तो दूसरी ओर हकीकत में लोग 10–18 घंटे की अघोषित कटौती झेलने को मजबूर हैं। सोमवार को सिंधुनगर फीडर में फॉल्ट ने हालात और बिगाड़ दिए। रात तीन बजे से दोंपहर दो बजे तक पूरे 11 घंटे शहर अंधेरे में डूबा रहा। सिंधुनगर फीडर में भोर में आए फॉल्ट ने पूरे इलाके को ठप कर दिया। निगम की टीम को खामी ढूंढने में ही 11 घंटे लग गए। दोपहर 2 बजे सप्लाई बहाल हुई, लेकिन राहत ज्यादा देर टिक नहीं सकी। रात 9 बजे फिर से बिजली गुल हो गई।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कंट्रोल रूम और हेल्पडेस्क पर शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। एसडीओ का फोन घंटों नहीं उठा, जबकि 1912 हेल्पलाइन भी बेअसर साबित हुई। जेई ने बाद में ट्रांसफार्मर, जंपर और इंसुलेटर में खराबी का हवाला दिया।

### शहरभर में बिखरी अंधेरे की मार, कई इलाके बेहाल

रानी इनक्लेव, अशरफी वैडिंग हॉल क्षेत्र, रामपुर गार्डन, किला एवेन्यू, जेएचएम कॉलोनी समेत कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। कहीं फेस उड़ गया, तो कहीं ट्रांसफार्मर फुंकने से आपूर्ति ठप हो गई।

### कटौती के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

रामपुर गार्डन स्थित बिजली कार्यालय पर सपा नेता मयंक शुक्ला के नेतृत्व में महिलाओं ने एक्सईएन का घेराव किया। लोगों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर और मनमाने बिल के नाम पर जनता से लूट हो रही है। ज्ञापन देकर जल्द समाधान की मांग की गई।

बिजली कटौती का असर सीधे रसोई तक पहुंचा। एलपीजी खत्म होने के बाद इंडक्शन पर निर्भर परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया। कई लोगों को मजबूरी में बाहर से खाना मंगवाना पड़ा। “बिजली कब आएगी, इसका कोई जवाब नहीं”— यह शिकायत हर घर की कहानी बन गई।

# चौथे किशोर की भी मौत 10 दिन तक जूझने के बाद फरमान ने हारी जिंदगी

## नवाबगंज गैस रिफिलिंग हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नवाबगंज के बरखन मार्ग स्थित मोटर गैराज में चल रहे अवैध गैस रिफिलिंग के खतरनाक खेल ने आखिरकार चौथे मासूम की भी जान ले ली। मंगलवार को इलाज के दौरान फरमान (13) ने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले साहिल रजा, अजीत और अर्शिल की मौत हो चुकी थी। एक ही हादसे में चार किशोरों की मौत से इलाके में मातम पसरा है और पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं।

परिजनों के मुताबिक गैराज में लंबे समय से गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग का खेल चल रहा था। पुलिस की नजरों से बचने के लिए यह पूरा धंधा बेसमेंट में किया जाता था। घटना वाले दिन भी चारों किशोरों को सिलेंडर उठाकर ईको गाड़ी में रखने के लिए बुलाया गया था, जो उनकी जिंदगी की आखिरी मजदूरी बन गई। जैसे ही किशोर सिलेंडर उठाने लगे, अचानक गैस लीक होने लगी और एक चिंगारी ने पूरे बेसमेंट को आग के गोले में बदल दिया। चारों किशोर आग की लपटों में घिरकर बुरी तरह झुलस गए। गैराज मालिक महावीर भी आंशिक रूप से झुलस गया। हादसे के बाद सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन एक-एक कर चारों मासूम जिंदगी की जंग हार गए। पहले अजीत (13), फिर



फरमान का फाइल फोटो

अर्शिल (14), इसके बाद साहिल रजा (15) और अब मंगलवार को फरमान (13) की मौत ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। चारों किशोरों की मौत ने अवैध गैस रिफिलिंग के नेटवर्क और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अजीत के पिता देवेंद्र कुमार फर्नीचर का काम करते हैं। बेटा घर चलाने में हाथ बंटाता था, लेकिन इस हादसे ने परिवार की कमर तोड़ दी। अन्य पीड़ित परिवारों में भी चीख-पुकार मची है। परिजनों ने गैराज मालिक पर लापरवाही और अवैध काम कराने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

# आज गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के विकास की रफ्तार को पंख लगने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को हरदोई से प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे। मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबा यह मेगा प्रोजेक्ट न सिर्फ दूरी घटाएगा, बल्कि बदायूं समेत पूरे पश्चिम से पूर्वांचल तक विकास की नई धारा बहाएगा। बदायूं के घटपुरी इंटरचेंज पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा, जहां बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह एक्सप्रेसवे प्रदेश की बुनियादी संरचना को मजबूत करते हुए तेज, सुरक्षित



और आधुनिक कनेक्टिविटी देगा। पीएम मोदी ने 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर से इसकी आधारशिला रखी थी और करीब पांच वर्षों में यह ड्रीम प्रोजेक्ट तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे पश्चिमी यूपी को पूर्वांचल से जोड़ते हुए व्यापार, निवेश, उद्योग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़ा बदलाव लाएगा। साथ ही कृषि क्षेत्र को भी नई दिशा मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए गढ़मुक्तेश्वर, कल्कि धाम, बेला देवी धाम, चंद्रिका देवी शक्तिपीठ, भगवान परशुराम जन्मस्थली (शाहजहांपुर) और प्रयागराज के त्रिवेणी संगम तक पहुंच बेहद आसान हो जाएगी। यह एक्सप्रेसवे केवल सड़क नहीं, बल्कि धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों का नया कॉरिडोर बनकर उभरेगा।

### बदायूं के लिए गेमचेंजर साबित होगा प्रोजेक्ट

गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं जनपद में करीब 91 .67 किलोमीटर लंबा है, जो बिल्सी, बदायूं, बिसौली और दातागंज तहसीलों से होकर गुजरता है। इससे जिले के करीब 85 गांव और 195 मजरे सीधे जुड़ेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज होगी। जनपद में तीन बड़े घटपुरी, बनकोटा (बिसौली), डहरपुर (दातागंज) इंटरचेंज तैयार किए गए हैं, जो आवागमन और व्यापार को नई दिशा देंगे। बिसौली क्षेत्र का बनकोटा इंटरचेंज इस परियोजना का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां विकसित होने वाली सुविधाएं स्थानीय व्यापार, रोजगार और सेवाओं को बड़ा बढ़ावा देंगी। एक्सप्रेसवे से बदायूं की दिल्ली, मेरठ और प्रयागराज से दूरी और समय में भारी कमी आएगी।

### युवाओं, किसानों और कारोबारियों को सीधा फायदा

इस मेगा प्रोजेक्ट से युवाओं को रोजगार, किसानों को बेहतर बाजार और व्यापारियों को तेज लॉजिस्टिक्स की सुविधा मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे बदायूं को निवेश और उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कुल मिलाकर, यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देने जा रहा है और बदायूं को विकास के नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाएगा।

# महिला पदयात्राः विपक्ष के खिलाफ भरी हुंकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 'जन आक्रोश महिला पद यात्रा' का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन रश्मि जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष के खिलाफ एकजुट होकर मार्च निकाला।

पद यात्रा के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और विपक्षी दलों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। महिलाओं का आरोप था कि विपक्षी दलों ने वर्षों तक केवल वादे किए, लेकिन ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के सम्मान




नगर में निकाली गई भाजपा द्वारा जन आक्रोश महिला पदयात्रा। –जागरण मोर्चा

### भाजपा के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं ने निकाली पद यात्रा

और विकास के लिए ठोस काम नहीं किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि कांग्रेस और सपा के नेताओं ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने विपक्ष के प्रमुख नेताओं पर महिलाओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह महिलाओं के प्रति उनके रवैये को दर्शाता है। इस दौरान महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष कामाक्षी शर्मा, शकुंतला देवी, डॉ. अपर्णा मिश्रा, नमिता शर्मा, अमिता अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अजय जायसवाल, कुंवर सेन मौर्य, राम आसरे कश्यप, शक्ति गुप्ता सहित मातृ शक्ति और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मेधावियों को मेगा पैकेज, ई-स्कूटी और फ्री एडमिशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्रों के लिए मंगलवार का दिन यादगार बन गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह जश्न में तब्दील हो गया, जब मंच से टॉपर्स पर इनामों की बरसात हुई। जिला प्रशासन ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप-10 छात्रों को इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर न सिर्फ चौंकाया, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नई राह भी खोल दी।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जैसे ही याकूज़ा स्पेरो ई-स्कूटी की चाबियां मेधावियों को सौंपीं, पूरा हॉल तालियों की गूंज से भर उठा। हाईस्कूल के वैष्णवी, गुलशन यादव, रजनी सिंह, शिवानी और रश्मि, जबकि इंटरमीडिएट के चमन जहां, नंदिनी गुप्ता,



हाई स्कूल व इंटर टॉपर्स को कलेक्ट्रेट में समारोह पूर्वक किया गया सम्मानित।

सुरभि यादव, सिमरन मौर्य और खुशी मौर्य को इस सम्मान से नवाज़ा गया। छात्रों के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी साफ दिखाई दी।

### महापौर का बड़ा ऐलानः टॉपर्स की पढ़ाई होगी मुफ्त

कार्यक्रम में उस वक्त उत्साह चरम पर पहुंच गया, जब महापौर डॉ. उमेश गौतम ने ऐलान किया कि सभी टॉपर्स को इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इस घोषणा ने मेधावियों और उनके परिजनों के लिए सपनों को नई उड़ान दे दी। समारोह में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक राघवेंद्र शर्मा, विधायक एमपी आर्य और एमएलसी बहोरन लाल मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने मेधावियों की सफलता को सलाम करते हुए उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा दी।

### बेटियां आगे बढ़ रहीं, यही असली बदलाव

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि यह सम्मान छात्रों की मेहनत का परिणाम है और इससे उन्हें नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने खासतौर पर बेटियों के शानदार प्रदर्शन को सराहा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने इसे जिले की बड़ी उपलब्धि बताया। सम्मान समारोह में मेधावियों के चेहरे खिल उठे, वहीं अभिभावकों की आंखों में खुशी के आंसू नजर आए। शिक्षकों ने भी अपने छात्रों की सफलता पर गर्व जताया। प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ हुए इस सम्मान ने साफ संदेश दिया— अब बरेली में मेहनत करने वालों को सिर्फ पहचान ही नहीं, बल्कि बड़ा इनाम भी मिलेगा।

**बहाली** सख्त सुरक्षा और पारदर्शी भर्ती के बीच बायोगैस प्लांट ने फिर पकड़ी रफ्तार

# दोहरा हत्याकांड : 47 दिन बाद फिर शुरू हुआ बायोगैस प्लांट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल का कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट आखिरकार 47 दिनों की बंदी के बाद दोबारा चालू हो गया। डबल मर्डर की सनसनी के बाद ठप पड़े इस प्लांट को मंगलवार को सीएम सलाहकार अवनीश अवस्थी ने पूजा-अर्चना के साथ शुरू कराया। अब प्रशासन ने सुरक्षा और पारदर्शिता पर खास जोर दिया है।

12 मार्च को प्लांट में कंपनी के दो अधिकारियों सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद पूरे परिसर में सन्नाटा छा गया था। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया गया था, जिससे



सैजनी में स्थित एचपीसीएल के अधिकारी प्लांट में जाते हुए साथ में पुलिस।

स्थानीय रोजगार और किसानों की आय पर भी असर पड़ा। करीब डेढ़ महीने बाद अब प्रशासन और प्रबंधन की संयुक्त तैयारी के बाद प्लांट ने फिर रफ्तार पकड़ी है।

सीएम सलाहकार अवनीश अवस्थी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर और बॉयलर में पराली डालकर उत्पादन प्रक्रिया की शुरुआत कराई। उन्होंने साफ कहा कि उद्योगों का सुरक्षित और पारदर्शी संचालन सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान डीएम, एसएसपी और एचपीसीएल के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया गया है। हर एंट्री पॉइंट पर निगरानी, सीसीटीवी कैमरे और पुलिस चौकी की व्यवस्था की गई है। अवस्थी ने खुद पैदल निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को और मजबूत करने के निर्देश दिए। इस बार संचालन कर रही सोपान कंपनी ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता अपनाई है। कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है और गुटबाजी रोकने के लिए एक परिवार से एक ही सदस्य को नौकरी देने का नियम लागू किया गया है। करीब 90 कर्मचारियों की नई भर्ती की गई है। प्लांट के शुरू होने से किसानों को पराली बेचकर अतिरिक्त आय मिलेगी, वहीं पराली जलाने की समस्या पर भी रोक लगेगी। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

लंबे समय से बंद प्लांट के चलते प्रभावित हुए स्थानीय युवाओं और श्रमिकों के लिए यह राहत भरी खबर है। प्रशासन को उम्मीद है कि अब सख्त सुरक्षा और नई व्यवस्थाओं के साथ प्लांट बिना किसी बाधा के लगातार चलता रहेगा। अवनीश अवस्थी ने सैजनी में बन रही महिला PAC बटालियन का भी निरीक्षण किया। करीब 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जुलाई 2026 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने नशे में चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर चढ़ाई गाड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में नशे में धुत एक युवक ने पुलिस टीम पर ही कार चढ़ाकर जान लेने की कोशिश कर डाली। इस हमले में एक दारोगा और एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

घटना सोमवार शाम करीब सात बजे की है। रिसाला चौकी इंचार्ज राजीव पटेल अपने हमराह कांस्टेबल संदीप कुमार के साथ संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। पहलवान बाबा मंदिर से गश्त करते हुए जब टीम बिशप स्कूल के पास पहुंची, तो वहां भीड़ लगी मिली। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि नीली बलेनो कार का चालक नशे में अभद्रता कर रहा है। पुलिस टीम जैसे ही कार चालक के पास पहुंची, उसने गाड़ी स्टार्ट कर दी और धमकी देते हुए तेज रफ्तार में भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और वीआई बाजार क्षेत्र में पोखरा मोमोज के पास उसे रोक लिया। इसी दौरान पीआरवी टीम भी मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि घिरता देख चालक ने अचानक कार से पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दारोगा और सिपाही दोनों घायल हो गए और उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। आरोपी मिलिट्री अस्पताल की ओर भाग निकला।

### आरोपी की पहचान, दो टीमें तलाश में

जांच में सामने आया कि कार सदर बाजार निवासी शमीमुद्दीन खान के नाम पर पंजीकृत है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कार चला रहा युवक उसका बेटा सलमान है, जो एक डॉक्टर की दुकान पर काम करता है। उसके पिता दारोगा पद से सेवानिवृत्त बताए जा रहे हैं। कैंट थाना इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। साथ ही आरोपी के ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त कराने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# खेड़ा टांडा में 7 माह बाद पुलिस ने कब्र से निकाला युवक का शव

- अजीमनगर चौराहे पर हुई थी संदिग्ध हालत में मौत
- पिता ने लगाया था पत्नी समेत छह पर हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** खेड़ा टांडा में 7 माह बाद कब्र से युवक का शव निकाला गया। पिता का आरोप था युवक की हत्या पत्नी समय छह आरोपियों ने जहर देकर की थी। पुलिस ने कब्र से निकाले गए शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेड़ा टांडा गांव का था। गांव निवासी सुलेमान उम्र 26 वर्ष की 7 माह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में अजीम नगर चौराहे पर मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे परिजन मृतक के शव को लेकर घर आ गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से साफ इंकार कर दिया था। जबकि पुलिस ने परिजनों को पीएम कराने के लिए काफी समझाने की कोशिश की। कुछ दिन बाद मृतक के पिता ने न्यायालय में बेटे की हत्या होने की आशंका व्यक्त की।

परिजनों का आरोप था युवक को जहर देकर मारा गया है। कोर्ट के आदेश पर अजीम नगर थाने में पत्नी समेत 6 आरोपियों नासिहा, सबीना, अख्तर अली, जमीला, अफजल, मुर्तजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जिलाधिकारी ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए निर्देश दिए। मंगलवार सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने मृतक के शव को कब्र से बाहर निकाला ।पंचनामा के बाद युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



युवक का शव कब्र से निकालने से पहले कागजी कार्रवाई करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### आठ लोग दोषी करार, आज आएगा फैसला

**रामपुर।** एफटीसी न्यायालय 2 ने मंगलवार को थाना सिविल लाइंस में अभियोग में शामिल सियाराम, रमेश, बनवारी, कलुआ, मुनीश और अशीष को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के लिए 29 अप्रैल नियत की है। न्यायालय ने सभी मुल्जिमानों को तलब किया है। इनके खिलाफ धारा 147,148, 308/149 में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ उदल सिंह ने 10 अक्टूबर 2017 को एक राय होकर मारपीट करने के मामले में मामला दर्ज कराया था।

### शाहबाद में सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद थाना क्षेत्र के गुलड़िया कलां गांव निवासी बंटी अपनी बाइक पर सवार होकर लोधीपुरा गांव जा रहा था, रास्ते में नवाबपुरा गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार बंटी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको राहगीरों की मदद से शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जख्मी बंटी को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




# पुलिस की गोली लगने से दो गोकश घायल, भर्ती

## गौकशों ने सिपाही को मारी गोली कराया अस्पताल में उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सूचना पर गोकशों को पकड़ने पहुंची पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें गोली लगने से एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें दो गोकश गोली लगने से घायल हो गए। घायल सिपाही और गोकशों का अस्पताल में उपचार कराया गया।



मुठभेड़ के बाद मौके पर मौजूद टीम। -जागरण मोर्चा



घायल गोकश को ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना गंज पुलिस सोमवार रात को स्वार चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी कि इस दौरान स्वार की ओर से आती एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए चाकू चौराहा की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार व्यक्तियों का पीछा किया। जिसके बाद अजयपुर केसरपुर को जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल असंतुलित हो कर गिर गयी। बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा फायरिंग करते हुए उठकर भागने का प्रयास किया।जिसमें मुख्य आरक्षी विशाल अहमद घायल हो गए। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में गोली चला दी। जिसमें गोली लगने से लालू उर्फ मुकर्रम पुत्र जाहिद कुरैशी उर्फ अब्बु मुल्ला निवासी पीला तालाब,परवेज पुत्र शब्बीर निवासी तीतर वाली पाखड थाना गंज के रूप में हुई। गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि 2018 में थाना कलेक्टर गंज थाना सीबीगंज जनपद बरेली में गोकशी करते समय एक सिपाही की हत्या करने में आरोपी परवेज उपरोक्त शामिल रहा है। घायल मु आरक्षी एवं आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर,जिंदा कारतूस 315 बोर,एक मिस फायर जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक तमंचे की नाल में फंसा कारतूस तथा गोकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम दोनों चोरी छिपे निराश्रित गौवंशीय पशुओं को पकड़कर गोकशी करने काम करते हैं। पुलिस व पब्लिक से बचने के लिये अपनी सुरक्षा के लिये अपने साथ अवैध तमंचे भी रखते है।

### लालू पर 12 तो परवेज पर दर्ज 8 मुकदमें

पुलिस की सख्ती के बाद भी गोकशी कम नहीं हो रही है। आए दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र में पशुओं के अवशेष दिखाई देते हैं। जिसको लेकर हिन्दू संगठन के लोग आक्रोश तक जता चुके हैं हांलाकि पुलिस बाद में मुठभेड़ करके आरोपियों को पकड़ने के बाद कार्रवाई कर रही है। सोमवार रात को भी पुलिस ने मुठभेड़ में दो गोकशों के पैर में गोली मारकर उनको घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी लालू उर्फ मुकर्रम पर 12 मुकदमे दर्ज हैं जबकि आरोपी परवेज पर आस पास के जिलों में 8 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनो को काफी समय से तलाश रही थी।

### पेट्रोल पंप पर खड़े दो ट्रकों से 720 लीटर डीजल चोरी

**सैफनी।** थाना क्षेत्र में एक खरसौल गांव स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर खड़े दो ट्रकों से सैकड़ों लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने पंप के कर्मचारियों पर ही चोरी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी है। ग्राम पुराना ललवारा निवासी दानिश ने बताया है कि उसकी दो गाड़ियां (ट्रक) 26 अप्रैल को पेट्रोल पंप पर खड़ी थीं। दोनों ट्रकों की टंकियां गाजियाबाद से फुल कराई गई थीं, जिनमें करीब 360-360 लीटर डीजल भरा हुआ था। आरोप है कि 27 अप्रैल की रात किसी समय अज्ञात लोगों ने ट्रकों की टंकियां खोलकर डीजल चोरी कर लिया। जब सुबह अपने ट्रक पर पहुंचा तो टंकियां अलग हालत में पड़ी मिलीं।

पीड़ित का आरोप है कि छानबीन के दौरान पेट्रोल पंप के एक सेल्समैन और उसके साथी शामिल है। पहले भी उक्त लोग कई गाड़ियों से डीजल निकाल चुके हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आजम खां के आचार संहिता मामले में हुई जिरह

- एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आचार संहिता के मामले में मंगलवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में आजम खां पर दर्ज कई चुनाव आचार संहिता के मुकदमों में तारीख थी। यह मुकदमे लोकसभा चुनाव में दर्ज किए गए थे। टांडा में दर्ज चुनाव आचार संहिता के मामले में मंगलवार को एक गवाह आया। जिससे जिरह हुई, इसके अलावा थाना बिलासपुर, शाहबाद में चुनाव आचार संहिता का मुकदमा दर्ज किया गया था।

मंगलवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सभी मुकदमों में 11 मई मुकर्रर की गई है। जबकि क्वालिटी बार को कब्जाने के मामले में कोर्ट में आरोप तय नहीं सके। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 7 मई लगाई है। इसमें आजम खां के साथ डीसीडीएफ के चेयरमैन जाफर अली जाफरी, पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा और अब्दुल्ला भी नामजद है।

### सपा नेताओं ने अब्दुल्ला से की मुलाकात

**रामपुर।** दो पैन कार्ड के मामले में सात माह से बंद आजम खां, अब्दुल्ला आजम जिला कारागार में बंद है। मंगलवार की दोपहर जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर, फरहान अली खां ने कारागार पहुंचकर अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि फरहान अली खां, अनवार हुसैन जिला कारागार पहुंचकर अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। मुकदमों की पैरवी को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात करीब आधा घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि आजम खां, अब्दुल्ला आजम का स्वास्थ्य ठीक है। आजम खां की तबीयत पहले से बेहतर है।

### बाजारों में महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को समस्त थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

# डीएम आवास में रखे 200 केवीए ट्रांसफार्मर में लगी आग

- आग लगने से 100 उपभोक्ता हुए प्रभावित, मची भगदड़
- फायर ब्रिगेड की टीम तीन मिनट के भीतर मौके पर पहुंची

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी आवास परिसर के गेट के पास रखे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली कि आसपास के इलाके में धुआं-धुआं हो गया। वीवीआईपी क्षेत्र से संबंधित होने के कारण बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम तीन मिनट के भीतर मौके पर पहुंची और बचाव कार्य कराया।



डीएम आवास में रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर से उठतीं लपटें। -जागरण मोर्चा

मंगलवार की दोपहर तीन बजे डीएम आवास में रखे 200 केवीए के ट्रांसफार्मर की फेंसिंग ने आग पकड़ ली।

फेंसिंग ने आग इतनी तेजी की पकड़ी कि एलटी की लीड भी जल गई। लीड के जलने से आवास में धुआं-धुआं हो गया। यह देख गेट पर तैनात होमगार्ड ने सूचना दमकल कर्मियों को दी। इसके बाद टीम ने आग को बुझाना शुरू किया।

उपखंड अधिकारी तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि किसी के बीड़ी फेंकने से फेंसिंग ने आग पकड़ी है। आग से एलटी लीड भी जली है। इसे सही कराकर नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया है।

# 65 से 70 करोड़ की लागत से शाहबाद में बनेगा बाईपास

- स्टीमेट तैयार करने में जुटा पीडब्ल्यूडी विभाग
- शाहबाद के सभी स्टेट हाइवे को टच करते हुए गुजरेगा 7 किलोमीटर लंबा बाईपास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगरवासियों को एक बड़ी सौगात मिलने वाली है, शाहबाद नगर को अब जाम के झाम से मुक्ति मिलने वाली है। पीडब्ल्यूडी विभाग इसके लिए शाहबाद शहर के बाहर से बाईपास बनाए जाने को लेकर स्टीमेट तैयार करने में जुटा है। यह बाईपास शाहबाद से गुजरने वाले सभी स्टेट हाइवे और मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगा, जिसको बनाए जाने में लगभग 65 से 70 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बाईपास बनने के बाद लगने वाले रोजमर्रा के जाम से भी छुटकारा मिलेगा, वहीं सड़क हादसों में भी कमी आएगी।



सांकेतिक फोटो बाईपास।

बाईपास के लिए किसानों की जमीनों का भी अधिग्रहण किया जाएगा। यह बाईपास लगभग 7 किलोमीटर लंबा होगा, जो शाहबाद के रामपुर रोड से लेकर बाहर बाहर होते हुए बिलारी रोड पर जाकर मिलेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग की माने तो स्टीमेट तैयार हो चुका है, जिसको मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई ने बताया कि बाईपास 7 किलोमीटर लंबा होगा, जिसका स्टीमेट बन रहा है, इस बाईपास को बनाए जाने में जमीन अधिग्रहण सहित 65 से 70 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

# आरोपी हंशित मुरादाबाद से गिरफ्तार

- सर्विलांस टीम की मदद से सेक्टर-15 से दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक में 27 मार्च को युवक देवराज मित्तल पर जानलेवा फायर करने वाले मुख्य आरोपी हंशित शर्मा को मिलक पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने आरोपी को मुरादाबाद के सेक्टर-15 से दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल 12 बोर का तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद कर लिया है।

देवराज मित्तल पुत्र अवधेश मित्तल निवासी असदुल्लापुर ने 27 मार्च को थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि हंशित शर्मा पुत्र हरीश कुमार उर्फ राजू शर्मा और उसके साथी गेरू ने पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज की। इसी दौरान हंशित ने तमंचा निकालकर देवराज पर फायर झोंक दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

गनीमत रही कि देवराज बाल-बाल बच गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने साथी आरोपी गेरू को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, लेकिन मुख्य आरोपी हंशित शर्मा फरार चल रहा था।एसपी के निर्देश पर एएसपी और सीओ मिलक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह के नेतृत्व में टीम लगी थी।विवेचक नीरज शर्मा ने सर्विलांस टीम की मदद और मुखबिर की सूचना पर हंशित शर्मा को मुरादाबाद सेक्टर-15 से 27 अप्रैल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मिलक कस्बे में अनाज मंडी के पास स्थित तालाब के पास खंभे से 12 बोर का एक तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया। इसके बाद केस में 3/25 आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ा दी गई। पुलिस ने आरोपी हंशित शर्मा पुत्र हरीश कुमार उर्फ राजू शर्मा निवासी मोहल्ला असदुल्लापुर को सोमवार 28 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### जुआ खेलते हुए दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** मंगलवार को थाना बिलासपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बब्लू पुत्र कमर खां निवासी खोदंलपुर थाना बिलासपुर,शारुन पुत्र राहत खां निवासी मोहल्ला शीरी मियां हरी ड्रैस कस्बा व थाना बिलासपुर को शीरी मियां हरी ड्रैस से सट्टे की खाई बाडी करते हुए गिरफ्तार किया।जिनके कब्जे से एक रजिस्ट्रर, 5 पर्ची गुलाबी लिखी हुई, एक पैन नीला व 1560 रुपये बरामद हुए । गिरफ्तारी के आधार पर थाना बिलासपुर पर धारा-13 जी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की। एसपी के आदेश पर पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। इससे पहले भी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।



**बैठक** बैठक में हिंदी एवं मानविकी क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति रही

# रजा पुस्तकालय केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की बहुभाषिक जीवंत प्रतीक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यसूची के सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। उन्हें सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि रजा पुस्तकालय केवल एक ऐतिहासिक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक और ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रतीक है। बैठक हमारे उस दीर्घकालिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करती है, जिसके अंतर्गत हम पुस्तकालय को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध एवं ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं। हिंदी सलाहकार समिति का गठन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल हिंदी भाषा के संवर्धन में सहायक होगी, बल्कि विभिन्न भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं के बीच सेतु निर्माण का कार्य भी करेगी। आधुनिक भाषा प्रयोगशाला के माध्यम से हम परंपरागत ज्ञान को नवीन तकनीकी संसाधनों से जोड़ते हुए शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए एक सशक्त एवं अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे। हिंदी सलाहकार समिति का गठन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के प्रयासों से 12 दिसंबर को राजभवन, लखनऊ में आयोजित अपनी 53 वीं बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार किया।बैठक में एक अत्याधुनिक भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी।



बैठक के बाद मौजूद रजा लाइब्रेरी के निदेशक एवं प्रोफेसर। -जागरण मोर्चा

पुस्तकालय में संरक्षित बहुमूल्य एवं अप्रकाशित पांडुलिपियों के संपादन, अनुवाद एवं प्रकाशन के लिए ठोस रणनीति बनाने पर सहमति बनी ।बैठक में हिंदी एवं मानविकी के क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति रही। बैठक में प्रोफेसर मधु चतुर्वेदी प्रोफेसर, प्रोफेसर आनंद कुमार सिंह, प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्रा मौजूद रहे।

# मदरसा कोहना में पालिका की टीम ने हटवाया कब्जा

## तहसीलदार, पालिका की टीम ने संयुक्त रूप से की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



मदरसा कोहना स्थित अवैध रूप कब्जा को ध्वस्त करती पालिका की जेसीबी। -जागरण मोर्चा

### यह है पूरा मामला

मोहल्ला मदरसा कोहना शिकायतकर्ता अहमद सईद, सभासद अमरीन एजाज ने तीन फरवरी 2025 को अधिशासी अधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि मोहल्ला मदरसा कोहना में गाटा संख्या 384 का भाग है। यह पालिका के खाते में मस्जिद मय हुजरा के नाम पर दर्ज है। इस पर किसी ने कब्जा कर लिया है वह निर्माण कर रहा है। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कई बार पालिका, डीएम कार्यालय और कमिश्नर तक शिकायत पहुंची, लेकिन पालिका मामले को दबा गई। जबकि पालिका की ओर से डीएम को भेजी गई रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यह जमीन खसरा खेवट आबादी शहर मिलक्यित के खाने में नजूल व तफसील ए आराजी के खाने में मस्जिद मय हुजरा क्षेत्रफल 21763 वर्ग फिट दर्ज है। कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचा तो उसने सारे मामले के बारे में बताया। शासन से इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई। डीएम ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर दी। इसके बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मस्जिद मय हुजरा के नाम पर दर्ज पर अवैध रूप से किए गए कब्जा को पालिका टीम ने अवैध कब्जा को हटाया। साथ ही पक्के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होने से मोहल्ला मदरसा कोहना के लोगों में खलबली मची रही।

मंगलवार को तहसीलदार केके चौरसिया, अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार, कोतवाली पुलिस मदरसा कोहना पहुंची। जहां टीम ने वार्ड संख्या 16 स्थित सरकारी, नजूल भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की। यह भूमि अभिलेखों में गाटा संख्या 384 के भाग के रूप में दर्ज है। इस पर कुछ मोहल्लों के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

**कार्रवाई**

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षकों का चयन

**रामपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत 07 से 14 वर्ष आयु वर्ग के चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विद्यालयों में नामांकन के उपरांत विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए संबंधित विद्यालयों में विशेष प्रशिक्षक (सेवानिवृत्त अध्यापक/ वॉलंटियर) का चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यालय जहां 5 या उससे अधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन किया गया है, वहां विद्यालय स्तर पर गठित समिति के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जिसकी अवधि 31 मार्च 2027 तक निर्धारित की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं चयनित किए जाने वाले विद्यालयों की सूची खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रामपुर से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि विकास खंडवार पदों का विवरण नगर क्षेत्र के 20 विद्यालयों में 20 पद, बिलासपुर के 3 विद्यालयों में 3 पद, सैदनगर के 17 विद्यालयों में 17 पद, स्वार के 15 विद्यालयों में 15 पद, चमरौआ के 8 विद्यालयों में 8 पद, मिलक के 12 विद्यालयों में 12 पद तथा शाहबाद के 16 विद्यालयों में 16 पद निर्धारित किए गए हैं।

## एक नजर

### मकान बंटवारे को लेकर दो भाइयों में विवाद

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के ग्राम सीता रामपुर में मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद बढ़ने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्र टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव सीतारामपुर में प्रमोद (28) और जयकिशन (35) अपने भाई गोपीचंद के साथ मकान के बंटवारे को लेकर विवाद कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।हालात को देखते हुए और किसी अप्रिय घटना की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने प्रमोद और जयकिशन को हिरासत में ले लिया। दोनों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में संबंधित धाराओं के तहत चालान किया गया है।पुलिस का कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से संभावित बड़ी घटना टल गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर मुचलके पर पाबंद करने की संस्तुति की गई है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** 27 अप्रैल को पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुकान का जाल तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाईकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना बिलासपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी महबूब हुसैन पुत्र मकसूद हुसैन निवासी ग्राम सीकमपुर पांडे थाना मूंढापांडे का नाम प्रकाश में आया।क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के निर्देशन में सूचना पर मुकदमे में फरार आरोपी महबूब हुसैन पुत्र मकसूद हुसैन निवासी ग्राम सीकमपुर पांडे को केमरी तिराहे से चोरी की गई मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर आवश्यक कार्रवाई की।

# बदलाव के दौर में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है : रानी कामिनी सिंह

- चमरौआ विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह ग्रामीण, इसलिए विकास की ज्यादा जरूरत : नवेद मियां

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्योहारा की रानी कामिनी सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अब स्वरोजगार और कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करोड़ों महिलाएं डिजिटल साक्षरता और बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर अपना छोटा व्यवसाय चला रही हैं। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव ला रही है।

मंगलवार को चमरौआ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद पहुंची रानी कामिनी सिंह, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और उनकी पत्नी बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो का युवा नेता मेहरबान अली के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री नवेद मियां ने कहा कि चमरौआ जिले की एक मात्र विधानसभा ऐसी है जो पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्र है। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र को विकास की ज्यादा जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग बहुत अच्छे हैं। नूर महल को हमेशा ही इस क्षेत्र का प्यार और साथ मिलता रहा है। आगे भी यह रिश्ता कायम रहेगा। कहा कि अब बदलाव का दौर है यह बदलाव न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहा है। इस मौके पर गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां, ग्राम प्रधान उमेश कुमार सिंह, इब्राहिम खां, नाजिम अली समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



मोमिनपुर अहमदाबाद गांव में रानी कामिनी सिंह और पूर्व मंत्री नवेद मियां का स्वागत करते लोग।

## एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एएसपी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली आक्रोश रैली

- विपक्ष के विरोध के खिलाफ मातृ शक्ति ने दिखाई एकजुटता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में विपक्ष के रुख के खिलाफ नगर मंडल मिलक में महिलाओं ने आक्रोश रैली निकालकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटी महिलाओं ने अधिनियम के समर्थन में आवाज बुलंद की और भ्रामक प्रचार का विरोध किया। रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को सशक्त, सम्मानित और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह केवल कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी करने का मजबूत संकल्प है।




मिलक में आक्रोश रैली में शामिल महिलाएं। -जागरण मोर्चा

वक्ताओं ने मातृ शक्ति से आह्वान किया कि वे पूरी दृढ़ता और संगठित शक्ति के साथ विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का विरोध करें। कहा कि इस अधिनियम का विरोध करना न केवल महिलाओं के अधिकारों के विरुद्ध है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ भी अन्याय है। रैली के माध्यम से महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए पूरी तरह जागरूक हैं और किसी भी प्रकार के विरोध या भ्रम फैलाने के प्रयासों का डटकर सामना करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुन्नी देवी गंगवार, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, गन्ना समिति चेयरमैन रजनीश पटेल, डॉ. रामबहादुर, ब्रजेश गंगवार, हेमा रानी प्रजापति, राजेश्वरी गंगवार, विजयपाल राजपूत गीता, मंजू मौजूद रहे।

# पालिका ने शहर में बनवाई 3500 फैमिली आईडी

- आईडी के लिए पालिका प्रशासन ने किया चार टीमों का गठन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में एक माह के भीतर 3500 फैमिली आईडी बन चुकी है। आईडी के लिए पालिका ने चार टीमों का गठन किया है जोकि घर-घर जाकर लोगों के आईडी बनाए जाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

ईओ ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि आईडी के लिए डोर-टू डोर जाए। घरों पर जाकर देखें कि किन-किन लोगों की फैमिली आईडी नहीं हैं। ऐसे में तत्काल ही आईडी बनाएं। जिससे कि केंद्र, प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का हर तबके को लाभ मिले। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश फैमिली आईडी एक 12 अंकीय डिजिटल पहचान संख्या है। यह 'एक परिवार-एक पहचान' योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रदान की जा रही है। यह आईडी प्रदेश सरकार की 76 से अधिक योजनाओं और रोजगार के अवसरों से परिवारों को जोड़ने में सहायक है। जिन परिवारों के पास राशन कार्ड है, उनका राशन कार्ड नंबर ही फैमिली आईडी के रूप में मान्य होगा। अन्य परिवारों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया लगातार जारी है। आईडी के लिए शहर के सभी वार्डों में अधिक से अधिक कैंपों का आयोजन किया जाए। ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा सके।

# 'जनता धूप में खड़ी है विभाग सो रहा'

- कांग्रेसियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बस डिपो के बाहर से बसों के गुजरने के कारण यात्रियों को हो रही भारी असुविधा के विरोध में कांग्रेसियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने कहा कि जनता धूप में खड़ी है और विभाग सो रहा है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में जनता, विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग सड़क किनारे घंटों बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। अधिकांश बसें डिपो के अंदर आने के बजाए बाईपास से ही निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को मुरादाबाद तक जाकर बस पकड़नी पड़ती है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से डग्गामार वाहन फल-फूल रहे हैं और निगम को राजस्व की भारी हानि हो रही है। ज्ञापन देने वालों में नगराध्यक्ष बाकर अली खां, नोमान मुमताज़ खां, चितरंजन प्रसाद, फरीद खां, जमील मियां, मोहम्मद ज़की, इमरान अहमद, कपिल चौधरी, राजेश लोधी, सूरज कश्यप, सरताज़, असलम खां, रामकिशोर लोधी और फहीम पहलवान आदि मौजूद रहे।



रोडवेज परिसर में एआरएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

# 9 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में थाना एचटीयू ,श्रम विभाग एवं जिला चाइल्डलाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जनजागरुकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना सिविल लाइन, थाना कोतवाली एवं थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत मोटरसाइकिल शोरूम, होटल ढाबों एवं दुकानों आदि स्थानों से 9 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई। इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया।एवं बालश्रम रोकथाम के लिए मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों,होटल, ढाबा मालिको को हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।



दुकान पर जानकारी हासिल करते अधिकारी।

# शाहबाद में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय मिलक विधानसभा प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को संपन्न हो गया। शाहबाद कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में मंडल से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन के मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन देवकरण गंगवार, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि और सुभाष भटनागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की रीति-नीति, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाए। इसी को लेकर के बूथ प्रबंधन के गुर सिखाए। प्रशिक्षण अभियान 7 मार्च से शुरू होकर 28 अप्रैल तक डेढ़ माह तक मंडल एवं विधानसभा स्तर पर चला।

इस मौके पर बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिला कार्यकारणी सदस्य अनुभव शर्मा, रेनू श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, अर्पित वशिष्ठ, अमित चंद्रवंशी, राजवीर सिंह यादव, रोहित कुमार एडवोकेट, नामित सभासद नरेश कुमार शर्मा, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता आदि रहे।




शाहबाद में चल रहे भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि।

**निर्देश** विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया

# अपनी कार्य योजना प्रशासन को प्रस्तुत करें: डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रणनीति पर चर्चा की।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता, नहर खंड द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को बाढ़ प्रबंधन से संबंधित उनकी जिम्मेदारियों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराया। कार्यों के निष्पादन में स्पष्ट एवं बेहतर समन्वय तय किया जा सके।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे एक सप्ताह के भीतर अपनी विस्तृत कार्ययोजना प्रशासन को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें तथा अपने-अपने स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें, जिससे संभावित बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में बाढ़ की स्थिति की निरंतर समीक्षा एवं त्वरित कार्यवाही तय करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी संवेदनशील एवं संभावित बाढ़ प्रभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाढ़ निरोधक कार्यों के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूर, आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों की व्यवस्था पूर्व से ही कर ली जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन को निर्देश दिए कि संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव एवं भूमि कटान की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि पंप, डीजल एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ताकि जलभराव की स्थिति में शीघ्र निकासी की जा सके। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने आपदा की स्थिति में तत्काल राहत वितरण एवं सहायता कार्यों को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें, जिससे प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से कार्य करते हुए जनपद को संभावित बाढ़ जैसी आपदा से सुरक्षित रखने के लिए पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

एक नजर




जन आक्रोश यात्रा निकालती महिलाएं।

## पीपली में जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली

**टांडा।** क्षेत्र के ग्रामीण मण्डल के ग्राम पीपली नायक में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गई। यात्रा में कांग्रेस पार्टी व समाजवादी पार्टी के विरोध में नारे लगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, भाजपा टांडा ग्रामीण मण्डल के मण्डल अध्यक्ष नवनीत चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक श्रीपाल सिंह, वेदपाल सिंह, उमेश सैनी, नेहा शर्मा, अंजलि कुमारी, रीना, साजिया व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# आयुष्मान ऑपरेटर आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

## बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में हुई कार्यशाला, दिए सख्त आवश्यक दिशा निर्देश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को और अधिक गति देने के उद्देश्य से बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जनपद की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि कुल 1337 आयुष्मान ऑपरेटर आईडी के सापेक्ष मात्र 826 आईडी ही सक्रिय पाई गईं। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का एक सशक्त माध्यम है, जिससे पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता मिलती है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, वहीं पूर्ति विभाग को राशन कार्ड धारकों का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपा सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी धमेन्द्र कुमार मिश्रा, एमओआईसी, एएनएम, आशा, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां, एडीओ पंचायत, राशन कोटेदारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में आयोजित कार्यशाला में बोलते जिलाधिकारी।

### शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाएं

जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाएं। उन्होंने पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित ऐसे परिवार, जो अन्त्योदय राशन कार्ड धारक हैं या वर्ष 2011 के एसईसीसी डेटा में सूचीबद्ध हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्ड बनाए जाएं। इसके अतिरिक्त श्रम कार्ड धारक, जिनके श्रम कार्ड पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से लिंक हैं तथा आयुष्मान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं, उन्हें भी योजना से आच्छादित किया जाए। पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के ऐसे परिवार जिनमें 6 या उससे अधिक सदस्य हैं और जिनका नाम पोर्टल पर प्रदर्शित है, साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान ऑपरेटर आईडी के माध्यम से प्रतिदिन अधिकतम संख्या में कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने सीएचसी अधीक्षकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान कार्ड निर्माण की नियमित समीक्षा कर प्रगति करें। यदि किसी क्षेत्र में प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाती है तो संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी।

# वलीमा में चली कुर्सियां-जूते, मची अफरा-तफरी



सैजनी नानकार स्थित इशान होटल में बिखरा सामान। -जागरण मोर्चा

- **थाना गंज क्षेत्र के सैजनी नानकार का है मामला**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना गंज क्षेत्र के मैरिज हाल में कुर्सियां, जूते चल गए। मौके पर अफर-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। हाल में अफरा-तफरी का वीडियो वायरल हो गया।

सैजनी नानकार में इशान मैरिज हाल में मंगलवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि देखते ही देखते कहासुनी और मारपीट में बदल गया। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से कुर्सियां, जूते चलना शुरू हो गए। हंगामा होने से मौके पर मेहमानों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि सैजनी नानकार स्थित कोई मारपीट की कोई घटना नहीं है दिखवाया जा रहा है।

# तेज रफ्तार बाइक ने युवक को रौंदा,घायल

- **टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से हुआ फरार**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** भोजनालय से खाना खाकर लौट रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक सवार ने रौद दिया।इससे राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को गंभीर सीएचसी में भर्ती कराया। उधर टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

नगर के मौहल्ला कायस्थान का रहने वाला रमेश कुमार मंगलवार की दोपहर करीब बारह बजे केमरी रोड स्थित भगवान महावीर अन्नपूर्णा भोजनालय में खाना खाकर पैदल वापिस घर लौट रहा था। बताया जाता है कि भोजनालय से कुछ ही कदम आगे सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसको जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे उसकी चीख-पुकार मच गई और दुर्घटना के बाद वहां राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई इस दौरान टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौकें से मय वाहन के साथ फरार हो गया।उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

चिकित्साधिकारी डॉ मणिक अग्रवाल ने बताया कि घायल व्यक्ति के सिर में चोट आई है,जबकि वह नशे का भी सेवन किया हुआ था।उपचार किया जा रहा है।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामले की अभी कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



घायल का उपचार करता डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

## 33 पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त करने के निर्देश

**रामपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने पंचायत सहायकों की लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। जिला पंचायतराज अधिकारी ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों में तैनात कुल 33 पंचायत सहायकों द्वारा लंबे समय से उपस्थिति दर्ज न करने पर उनकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पूर्व में कई बार नोटिस एवं निर्देश दिए जाने के बावजूद भी संबंधित पंचायत सहायकों ने ना तो अपनी उपस्थिति पंचायत सहायक पोर्टल पर दर्ज कराई और न ही ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से कार्य किया। इससे पंचायत सचिवालय का कार्य बाधित हो रहा था तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में भी अवरोध उत्पन्न हो रहा था।

# एक सप्ताह बाद भी पिंजरे में कैद नहीं हुआ तेंदुआ

- **ग्रामीणों में बड़ी दहशत वन विभाग पर लापरवाही का आरोप**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र के कुंदनपुर स्थित भूढ़िया फॉर्म में तेंदुए की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा लगाया पिंजरा खाली पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पूर्व कुंदनपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। खेत में पड़े अवशेष देखकर किसानों के होश उड़ गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तेंदुआ कई पशुओं को निशाना बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल में तेंदुए के पदचिह्न भी तलाश किए।

पदचिह्न मिलने के बाद विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया और उसमें शिकार के रूप में अवशेष भी रखे गए। हालांकि, एक सप्ताह बीतने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है।ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है। लोगों का कहना है कि तेंदुए के लगातार सक्रिय रहने से खेतों में काम करने जाना भी खतरे से खाली नहीं है। खासकर सुबह और शाम के समय ग्रामीणों में ज्यादा डर बना हुआ है।उधर, वन दरोगा कुलबीर सिंह का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है और टीम सतर्क है। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और जंगल की ओर अकेले न जाने की अपील की है।



मसवासी के कुंदनपुर के भूढ़िया फॉर्म के जंगल में रखा पिंजरा। -जागरण मोर्चा

## टीकाकरण में लाए तेजी: सीएमओ

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीप सिंह ने जनपद में डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों को ध्यान में रखते हुए सभी ब्लॉक, शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान 30 अप्रैल तक संचालित रहेगा। अभियान के दौरान छूटे गए बच्चों को जनपद के सभी स्कूलों छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। टीकाकरण कराए जाने के लिए तेजी लाए। अन्यथा कहीं भी कमी मिलने पर अवश्य कार्रवाई की जाएगी।



# एसडीएम न्यायिक के खिलाफ वकीलों की हड़ताल बढ़ी

- **तहसीलदार के खिलाफ भी खोला मोर्चा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** वकीलों ने उप जिलाधिकारी (न्यायिक) के खिलाफ चल रही अपनी हड़ताल को गुरुवार, 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया है।साथ ही उन्होंने तहसीलदार के विरुद्ध भी मोर्चा खोल दिया है। लायर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी (प्रशासन) को ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।मंगलवार सुबह तहसील स्थित लायर्स एसोसिएशन के कार्यालय में अधिवक्ताओं की बैठक हुई।

इसमें अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने शुक्रवार से जारी न्यायिक हड़ताल की समीक्षा की और इसे आगामी 30 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषणा की। बैठक में तहसीलदार के विरुद्ध भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। लायर्स के फैसले के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना ने भी हड़ताल को अपना समर्थन देने का ऐलान किया।बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार से मुलाकात की और तहसीलदार शिव कुमार शर्मा के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया गया है कि तहसीलदार न्यायालय में पत्रावलियों का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया जा रहा है।अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मांग की है कि तहसीलदार न्यायालय से सभी पत्रावलियां तलब कर उनकी जांच की जाए और नियमानुसार कार्रवाई हो। लायर्स महासचिव प्रवेश कुमार चौहान ने बताया कि वे एसडीएम (न्यायिक) हर्षवर्धन सिंह के विरुद्ध तीसरी बार हड़ताल कर रहे हैं। कोई समाधान न निकलने के कारण हड़ताल को बृहस्पतिवार तक बढ़ाया गया है। मांग है कि एसडीएम (न्यायिक) का तत्काल स्थानांतरण किया जाए और उनके तथा उनके न्यायालय के कथित भ्रष्ट आचरण की उच्चस्तरीय जांच हो।तहसीलदार के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की गई है। गुरुवार को पुनः बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान हरीश चंद्र गुप्ता, संतोख खैहरा, नब्बू अली अंसारी, विमल सक्सेना, अनिल अग्रवाल, मोबीन अंसारी, गुलाम अहमद, मुनीश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, आदिल खां, गौहर अली, मयंक सिन्हा, विपुल जैन सहित कई अधिवक्ता शामिल रहे।




चेंबर पर मौजूद अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

# जिला पंचायत से फैजनगर में जल्द शिफ्ट होगा होमगार्ड दफ्तर

- **152 हेक्टेयर जमीन पर 2.94 करोड़ की लागत से बन रहा कार्यालय**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला पंचायत से जल्द ही हटकर जिला होमगार्ड कमांडेंट का कार्यालय गांव फैजगंज में शिफ्ट होगा। गांव फैजगंज में 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 152 हेक्टेयर जमीन पर 2.94 करोड़ की लागत से कार्यालय बन रहा है।

28 जून 2025 को शुक्रवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने भूमि का पूजन कर शिलान्यास किया था। ज़िला कमांडेंट कमलेश चौहान ने बताया कि गांव फैजनगर में 152 हेक्टर जमीन का चिन्हांकन शासन से किया गया था। इसको बनवाने के लिए दो करोड़ 94 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। इसका निर्माण कार्यदाई संस्था यूपी प्रोजेक्ट मुरादाबाद की ओर से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि होमगार्ड कार्यालय की इमारत एक मंजिला बनेगी। जिसमें नीचे आठ कमरे बनेंगे। जिसमें अलग-अलग कमरों में कर्मचारी कार्य करेंगे।



जिला पंचायत स्थित होमगार्ड दफ्तर।

### कई सालों से जिला पंचायत में है कार्यालय

जिला पंचायत में होमगार्ड कार्यालय कई सालों से है। कार्यालय जर्जर होने की वजह से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक कार्यालय के बराबर से शिफ्ट कर दिया गया है। जोकि करीब दो साल से अधिक का समय गुजर चुका है।

# हंगामे के बाद पुलिस ने दर्ज की दहेज हत्या की रिपोर्ट

- **टांडा थाना क्षेत्र का मामला,पुलिस कर रही जांच**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** क्षेत्र के ग्राम मवाना में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसने से दिल्ली में उपचार के दौरान हुई मौत के बाद मायके वालों द्वारा सोमवार की रात भगतपुर तिराहे पर पुलिस की के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाकर मार्ग जाम कर प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने देर रात मृतका के पिता की तहरीर पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के गांव कर खेड़ा निवासी रूपकिशोर की बेटी नीतू का विवाह दो साल पूर्व थाना क्षेत्र के ही गांव मुवाना में रोहित के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में गृह क्लेश के चलते 19 अप्रैल को विवाहिता नीतू आग लगने से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सीएचसी लेकर आई थी प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। इसके बाद जिला अस्पताल से मृतका के मायके वाले नीतू को दिल्ली ले गए थे। जिसकी दिल्ली में ही उपचार के दौरान शनिवार 25 अप्रैल को मौत हो गई थी।लेकिन मृतका का पोस्टमार्टम सोमवार को हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को एंबुलेंस से क्षेत्र में ले आए और गुस्साए परिजनों ने भगतपुर तिराहे के पास एंबुलेंस खड़ी कर टांडा-भगतपुर मार्ग जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पुलिस में खलबली मच गई। बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगी। काफी देर तक पुलिस समझाने का प्रयास करती रही। मृतका के भाई टेक सिंह का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उल्टे अभद्रता की। टेक सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मुश्किल से खुलवाया जाम

पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और मुश्किल से जाम को खुलवाया। पुलिस ने मृतका नीरू के पिता रूपकिशोर की तहरीर पर देर रात रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने अपनी पुत्री नीरू की शादी लगभग दो वर्ष पहले रोहित पुत्र रामरतन निवासी मुवाना के साथ की थी।जिसके एक वर्ष का लड़का भी है। नीरू की ससुराल के लोग पति रोहित,जेठ चंचल, जेठानी रेखा, नन्द आयुश तथा सास मीना देवी नीरू को कम दहेज लाने के ताने देकर मारपीट करते रहते थे।उसका पति आये दिन 350000/ रुपये नगद लाने की मांग करता और कहता जव तक उक्त रकम लेकर नहीं आएगी तक मै तुम्हें इसी तरह मारता पीटता व अपने परिवार से पीटवाता रहूंगा।इस बात को लेकर उक्त लोगों ने नीरू को कई बार मार पीटकर घर से भगा दिया। कई बार जान से मारने का प्रयास किया। 19 अप्रैल को उक्त सभी ने एक राय मशवरा करके नीरू को कमरे में बन्द करके आग लगा दी और कमरा बन्द कर दिया। जिसकी जानकारी फोन के माध्यम से प्राप्त हुई। दिनांक 25 अप्रैल को अस्तपाल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसमें नीरू ने अपने व्याने में कहा कि मुझे मेरे पति, सास, नन्द, जेठ, जेठानी ने सभी ने एक राह मशवरा करके मुझे जिंदा जला दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरूकर दी है।

रहें सावधान | जनपद में तेजी से बढ़ रहा डायरिया का प्रकोप

# जिला अस्पताल में 12 घंटे में 41 नए रोगी हुए भर्ती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसी कारण जिला अस्पताल से लेकर प्राइवेट चिकित्सकों के यहां रोगियों की भीड़ बढ़ रही है। डायरिया वार्ड से लिए गए आंकड़ों के अनुसार जिला अस्पताल में 12 घंटे के भीतर नए 41 रोगी भर्ती हुए हैं।

रोगियों का आलम यह है कि एक बेड पर दो-दो रोगियों को लिटाकर उपचार दिया जा रहा है। इन सभी को पेट दर्द, उल्टी दस्त और कमजोरी की शिकायत मिल रही है। ऐसे में चिकित्सक रोगियों को सलाह दे रहे हैं। खानपान पर विशेष रूप से ध्यान दें, हो सके तो बाहर के खाने से परहेज जरूर करें। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। पानी उबालकर पीएं, बाहर का भोजन का सेवन न करें। भारी मात्रा में पानी का इस्तेमाल अधिक करें। बासही या रखा हुआ भोजन न खाएं, अधिक तला भुना और मसालेदार खाना न खाएं।



जिला अस्पताल में बने डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। -जागरण मोर्चा

### 12 से 4 बजे तक बाहर न निकले

जिला अस्पताल के सीनियर कसलटेंट डॉ.दशरथ सिंह ने बताया कि बच्चे और बुजुर्ग दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से बाहर नहीं निकले। जाना जरूरी है तो शरीर को अच्छी तरह ढककर रखें। बार-बार पानी पीते रहे। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। उन्होंने बताया कि हीट वेव को लेकर शासन स्तर से अलर्ट जारी हुआ है। आने वाले समय में गर्मी और प्रचंड होगी। लू चलने का संभावना है। हीटवेव के मरीजों के लिए जिला अस्पताल में कोल्ड रूम बनाया गया है। यहां हीट वेव के मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जाएगा।

एक नजर

## दंपती ने चाचा-भतीजा को पीटकर किया घायल

**चन्दौसी।** संभल के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्म बाजार में सोमवार की रात उधारी के रुपयों को लेकर एक दंपती ने जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने पहले एक दुकानदार को पीटा और फिर उसी रंजिश में अधिवक्ता और उनके चाचा के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। ब्रजनगर कॉलोनी निवासी अधिवक्ता आयुष कुमार वार्ष्णेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला बारहसैनी निवासी एक दंपती पर उनके चाचा के कुछ रुपये उधार थे। सोमवार दोपहर इसी विवाद में दंपती ने दुकानदार चाचा के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोप है कि इसी कानूनी कार्रवाई से बौखलाकर रात करीब 10 :30 बजे आरोपी दंपती दोबारा दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए आयुष और उनके चाचा पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर जुटे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# सीबीएसई व आईसीएससी से सम्बद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ जिलाधिकारी की बैठक

## डीआईओएस व बीएसए अभियान चलाकर पूरा कराए कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीबीएसई व आईसीएसई के प्रधानाचार्य की बैठक लेते डीएम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने सीबीएसई व आईसीएसई से सम्बद्ध निजी विद्यालयों में शुल्क वृद्धि, एनसीईआरटी की पुस्तकें संचालित होने तथा विद्यालयों में नामांकन अभियान के संबंध में सीबीएसई व आईसीएससी से सम्बद्ध निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने शुल्क वृद्धि को लेकर चर्चा की। गत बैठक में जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक तथा बिना जिला शुल्क नियामक समिति से अनुमोदन प्राप्त किए शुल्क लिया गया था। उनको प्रत्यावेदन देने का समय दिया गया था। प्रत्यावेदन के निस्तारण के बाद 15 विद्यालयों से संबंधित शुल्क का विवरण आज ही संबंधित प्रधानाचार्यों को प्राप्त करा दिया जाए तथा इनका पक्ष आज ही लेकर आज ही पत्रावली जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाए।

एनसीईआरटी की पुस्तकों के संचालन को लेकर बैठक में चर्चा की गई तथा बैठक में इस पर चर्चा की गई कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें विद्यालयों में चलाए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अलका शर्मा को निर्देश दिए कि वह इन पर नियंत्रण लगाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा विद्यालयों में नामांकन अभियान को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के शत-प्रतिशत प्रवेश को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत प्रवेश कक्षा 9 व 11 में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा समस्त प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि एक अभियान चलाते हुए नामांकन के कार्य को पूरा किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि सांस्कृतिक मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, पांडुलिपियों और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित डिजिटल रूप में सुरक्षित और आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने इसके उद्देश्य तथा कार्यों के विषय में भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना के विषय में बताते हुए कहा कि स्व-गणना का कार्य 7 मई 2026 से 21 मई 2027 तक चलेगा। यह एक नई सुविधा हैं, जिसमें लोग गणना गर्मी के आने से पहले ही अपनी जनगणना की जानकारी खुद आनलाइन भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने 29 अप्रैल को होने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन को लेकर भी जानकारी दी गई। कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे का 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा हरदोई से उद्घाटन किया जाएगा। जनपद संभल में लहरावन के पास बने इंटरचेंज के पास उद्घाटन से संबंधित एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## गुमथल में हुआ यूपी ग्रामीण बैंक शाखा पचाक का उद्घाटन



यूपी ग्रामीण बैंक शाखा का उद्घाटन करते बैंक अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में महेंद्र पाल के भवन में यूपी ग्रामीण बैंक शाखा पचाक का विधि विधान से उद्घाटन किया गया। जिसमें मंगलवार की सुबह बैंक परिसर में विधि विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया।

बैंक उद्घाटन के अवसर पर ग्रामीणों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जानकारी दी कि शहर जाने में आपका काफी समय लगता था। अब आपके गांव गुमथल में यूपी ग्रामीण बैंक शाखा खोली गई हैं। जिससे आप कम समय में लाभ ले सकेंगे। कोई भी किसी भी ग्रामीण को अगर कोई परेशानी होती है तो तत्काल इसकी शिकायत शाखा प्रबंधक को बताए। लेनदेन बैंक शाखा से समय पूर्वक करें। जिसका लाभ आपको पूर्णता से मिल सके। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उपक्षेत्रीय प्रबंधक मोहित कुमार कनोडिया, अधिकारी हिमांशु गुप्ता, शाखा प्रबंधक अंशुल गुप्ता, मैनेजर आकाश गोयल आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम का निरीक्षण करते डीएम व एडीएम। -जागरण मोर्चा

## गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन पर होगा कार्यक्रम

**चन्दौसी।** मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 29 अप्रैल को हरदोई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। जनपद संभल में लहरावन अचलपुर के पास गंगा एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास गंगा एक्सप्रेस-वे उद्घाटन समारोह से संबंधित कार्यक्रम किया जाएगा। मंगलवार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अपने अधीनस्थों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चन्दौसी नीतू रानी, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## 67 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सलावा और बीबीपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम के लिए विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। कैंप में महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 67 लोगों की स्क्रीनिंग कर उनके चेस्ट एक्स-रे कराए गए। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को लगातार खांसी, बुखार और वजन कम होने जैसे लक्षणों के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच कराने की अपील की। विभाग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। इस दौरान प्रदीप, निहाल खान, नितेश और हितेश सहित पूरी टीम ने जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने पर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शादी समारोह में कमरे में सोते हुए युवक कर रहा था हरकत**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बारातघर में सोते समय 13 वर्षीय बच्ची के साथ युवक ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने शोर मचाकर बच्ची को बचाया। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपने परिवार के साथ सोमवार की रात कोतवाली क्षेत्र के एक बैंकट हाल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। मंगलवार कीसुबह 4.45 बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री बारातघर में दो मंजिल पर बने कमरे में सोई थी। तभी उसकी पुत्री को युवक अभिमंयु उर्फ जानू निवासी खुर्जा गेट ने गलत नियत व दुष्कर्म करने के उद्देश्य से पकड़ लिया।

साथ ही पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब पुत्री की मौसी व अन्य रिश्तेदार कमरे में पहुंचे तो शोर मचा दिया और आरोपी के चुंगल से पुत्री को बचाया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आरोपी को अपने साथ कोतवाली ले गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## आयोग ने अनुदान राशि ब्याज व क्षतिपूर्ति सहित अदा करने के बैंक को दिए आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बेरोजगारी को दूर करने के उद्देश्य से ऋण लेकर रोजगार करना आम हो चला है। लेकिन बैंक के अधिकारियों की लापरवाही ने उपभोक्ताओं को न्यायालय जाने पर मजबूर कर दिया है। एक मामले में सब्सिडी का लाभ प्रदान करना बैंक ऑफ इंडिया शाखा संभल को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता आयोग ने अनुदान राशि एक लाख 75 हजार रुपये, ब्याज व क्षतिपूर्ति सहित अदा करने के आदेश बैंक को दिए हैं।

उपभोक्ता मामलों के अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार संभल के गांव अख्तियारपुर टिल्लूपुरा निवासी रिंकू पुत्र सीताराम ने वर्ष 2020 में रोजगार के उद्देश्य से 5 लाख ऋण लेने हेतू बैंक ऑफ इंडिया आर्य समाज रोड स्थित शाखा में आवेदन किया। लेकिन 4 लाख 75 स्वीकृत किए गए, बताया गया कि ऋण में 1 लाख 75 हजार की सब्सिडी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा देने का प्रावधान है, ऋण लेकर उपभोक्ता ने अपना व्यापार प्रारंभ कर दिया और ऋण राशि नियमानुसार जमा करता रहा लेकिन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपभोक्ता के अनुरोध पर भी सब्सिडी की धनराशि को उपभोक्ता के खाते में समायोजित नहीं किया गया और बकाया दर्शाकर 3 लाख 89 हजार रुपये का वसूली प्रमाणपत्र जारी कर दिया।

इससे परेशान होकर उपभोक्ता ने अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग संभल में परिवाद योजित किया, तो बैंक द्वारा आयोग को बताया गया कि सब्सिडी की राशि सरकार द्वारा दी जाती है तो वह रिजर्व फंड में 3 वर्ष के लिए रखी जाती है बैंक के ऋण का खाता किसी कारण से 3 वर्ष से पहले खराब होता है तो सब्सिडी का पैसा वापस कर दिया जाता है, लेकिन आयोग ने माना कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना का बैंक द्वारा अनुपालन नहीं किया गया और सब्सिडी की धनराशि को उपभोक्ता के खाते में ट्रांसफर न करके अनुचित व्यवहार प्रथा जन्म दिया। साथ ही बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व शाखा प्रबंधक को आदेश दिया कि वह सब्सिडी की धनराशि एक लाख 75 हजार रुपये दो माह के अंदर उपभोक्ता के खाते में आयोजित करे रुपए 15 हजार क्षतिपूर्ति व बाद व्यय को भी अदा करे अन्यथा 9 प्रतिशत वार्षिक व्याज भी देना होगा।



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

## निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रहे यश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली को लेकर आरएस इंटर कालेज में जल संरक्षण पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल हमारी मूलभूत आवश्यकता है, इसके बिना हम जवन की कल्पना नहीं कर सकते। हमारे जीवन के लिए जरूरी है और इसका भंडार भी। इसलिए जल संरक्षण नहीं होने पर हमें जल संबंधित समस्याओं से जूझना पड़ेगा और जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी को पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा। इसी उद्देश्य से विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कराई गई। कक्षा 9 के यश ने प्रथम, कक्षा 12 की अंशिका ने द्वितीय व कक्षा 9 की ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कृष्णौतार, नरेंद्र कुमार, नवीन कुमार सक्सेना, कंचन, मधु तोमर, राजेश्वरी, नीरू गोयल, अनुराधा गोयल, अनु रस्तोगी आदि रहे।

## खेत में किसान पर तेंदुए का फिर से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** कांठ के रायपुर खुर्द गांव में मंगलवार सुबह गन्ने की बुवाई कर रहे किसान कपिल देव पर तेंदुए ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। अन्य किसानों के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग निकला। घायल को गंभीर हालत में मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के अनुसार, शावकों की मौजूदगी के कारण मादा तेंदुआ आक्रामक हो गई है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्होंने तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। विभाग ने जल्द पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है।

## भीषण गर्मी और जानलेवा लू से बचाव स्वस्थ रहने को ज्यादा से ज्यादा पीये पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बढ़ती भीषण गर्मी व लू से बचने के लिए दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घूप में निकलने से बचे। ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करें। घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे बंद रखें और छायादार जगहों पर रहें।



डा. टीएस पाल।

भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबंधक डा. टीएस पाल ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन ज्यादा करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करते हैं। हल्का भोजन करें। खीरा, तरबूज, खरबूजा, जैसे पानी की मात्रा वाले फल खाए। धूप में बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहनें। सिर को टोपी, स्कार्फ या छाते से ढकें। अगर दोपहर में घर से निकलना जरूरी हो तो सनस्क्रीन लगाएं और चश्मा पहनें। दिन के समय घर की खिड़कियां और पर्दे बंद रखें ताकि गर्म हवा अंदर न लाए। शाम और रात में खिड़कियां खोले।

### गर्मी से बचाव के लिए घरेलू उपाय

1- चने का सत्तू पेट को ठंडा रखता है और लू से बचाता है।
2- कच्चे आम का पन्ना शरीर को तुरंत ठंडक प्रदान करता है।
3- नारियल पानी और छाच का उपयोग करें, यह इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करते हैं।
4- पुदीना और नींबू का पानी शरीर को रिफ्रेश करता है।
5- सौंफ का पानी का उपयोग करें, यह पाचन सुधारता है और पेट की गर्मी को कम करता है।
6- खीरा और ककड़ी का ज्यादा सेवन करें। इनमें पानी की उच्च मात्रा होती है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखता हैं।
7- भोजन में दही या छाछ का सेवन बढ़ाए।
8- घर में दही, नीबू, ओआरएस, पोधीना जरुर रखे।

## आर्य बंधुओ ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** आर्य समाज के वैदिक प्रवक्ता गौतम खट्टर और उनके भाई माधव खट्टर की गिरफ्तारी के विरोध में आर्य समाज के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया।

पूर्व प्रधान अशोक कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और गोवा के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। प्रतिनिधिमंडल ने गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए इसे सनातन संस्कृति पर प्रहार करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झूठे केस में फंसाकर क्रांतिकारियों के देश में सनातनियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उपस्थित आर्य बंधुओं ने दोनों भाइयों की अविलंब रिहाई की मांग करते हुए भविष्य में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

न्याय | विभाग के अधिकारियों के वेतन से होगी वसूली

# नलकूप कनेक्शन में देरी, बिजली विभाग पर जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बहजोई क्षेत्र के गांव श्रीनगर कनैटा के किसान ने वर्ष 2018 में अपने खेतों की सिंचाई करने के निर्धारित शुल्क विद्युत विभाग में जमा करके निजी नलकूप का आवेदन किया था। परन्तु विभाग के अधिकारियों ने किसान मोहन लाल को निजी नलकूप की किताब भी बना कर दे दी। परन्तु उसकी न तो लाइन खींची गई और न ही उसे निजी नलकूप चलाने के लिए विद्युत आपूर्ति दी गई।



लवमोहन वार्ष्णेय, अधिवक्ता।

किसान द्वारा शिकायत करने पर विद्युत अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे दिया करते थे। तब किसान ने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा अपनी शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर दर्ज कराई। आयोग द्वारा विद्युत विभाग को तलब किया गया तो विभाग द्वारा आयोग को बताया कि वह परिवादी चाहे तो अपने द्वारा जमा की गई धनराशि वापस विभाग से प्राप्त कर ले। या वह कुल 68 हजार रुपये जमा कर अपना निजी नलकूप लगवा ले। इस पर वादी के अधिवक्ता ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और आयोग को अवगत कराया कि विभाग द्वारा नियमानुसार निजी नलकूप के कनेक्शन जारी नहीं किए हैं। परिवादी के बाद आवेदन करने वाले लोगों के कनेक्शन जारी कर दिए हैं, वादी को 6 वर्ष से लगातार परेशान किया जा रहा है। उसकी फसल सुख जाती हैं, उसे आर्थिक हानि और मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ रहा हैं। सभी अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जा चुकी हैं, परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। तब आयोग में आना पड़ा है, आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए विपक्षी पश्चिमांचल विद्युत वितरण विभाग निगम लिमिटेड को आदेश किया कि परिवादी मोहन लाल के मामले में संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग के 68 हजार रुपये की कटौती करके उक्त धनराशि को परिवादी के निजी नलकूप संयोजन स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू करें। इसके अलावा संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग दो लाख रुपये की कटौती करके परिवादी को पिछले 5 वर्षो में हुई फसलों की क्षति की पूर्ति के रूप में तथा 5 हजार रुपये वाद व्याय के मद में भी प्रदान करे। नियत अवधि में आदेश का अनुपालन न करने की दशा में क्षतिपूर्ति की धनराशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा।

## अतिक्रमण पर ट्रैफिक पुलिस की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के आसपास से अतिक्रमण हटवाया। टीएसआई रामकुमार तोमर के नेतृत्व में टीम ने सड़क और अस्पताल मार्ग पर अवैध रूप से फैली दुकानों को निर्धारित सीमा के पीछे करवाया। कार्रवाई के दौरान एक फल विक्रेता ने दुकान पीछे हटाने पर बहस की, लेकिन बाद में गलती मानकर अतिक्रमण हटा लिया। प्रशासन ने पाया कि पर्याप्त जगह होने के बावजूद दुकानदार बाहर सामान फैला रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। पुलिस ने चेतावनी दी है कि दोबारा अतिक्रमण मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस बल व पीआरडी जवान मौजूद रहे।

## बंदर को बचाने के प्रयास में टेंपो पलटा

जागरण मोर्चा कार्यालय



हादसे में घायल लोगों का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी। -जागरण मोर्चा

**बहजोई रोड पर मझावली के पास हुआ हादसा**

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मझावली चौराहा के पास बंदर बचाने के प्रयास में टेंपो पलट गया। घटना में टेंपो चालक सहित 8 लोग घायल हो गए। जबकि टेंपो में 15 लोग बारात में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव बसंतपुर डांडा निवासी मान सिंह के पुत्र हरभजन की बारात सोमवार को गांव परमानंदपुर थाना फैजगंज बेहटा गई थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए दुल्हे पक्ष से भी काफी रिश्तेदार व परिचित पहुंचे थे। मंगलवार की सुबह 15 बाराती वापस टेंपो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। सुबह 10 बजे टेंपो बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित मझावली चौराहा के पास पहुंचा तो सड़क पार कर रहे बंदर को बचाने के प्रयास में टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो चालक रवि, दूल्हे का 7 वर्षीय भाई निशांत, नत्थू सिंह, हरस्वरूप, गोरी शंकर, राकेश निवासी बसंतपुर डांडा, भजन लाल निवासी गंगापुर थाना डिबाई, रामछाया निवासी नूरपुर थाना बबराला घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां कुछ ही हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**एक नजर**

### अफवाह को लेकर खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत 5 घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपमानजनक अफवाह को लेकर शुरू हुए पारिवारिक विवाद मारपीट में बदल गया। सच्चाई जानने पहुंचे पीड़ित परिवार पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें तीन महिलाओं सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी पीड़ित चंद्रपाल ने बताया कि उनके चाचा ने गांव में उनके खिलाफ कोई आपत्तिजनक अफवाह फैलाई थी। सोमवार की देर रात जब पीड़ित परिवार इस संबंध में बात करने आरोपी पक्ष के घर पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। इस अचानक हुए पथराव और हमले में सुनीता, नीरज, पूजा, यादराम और धर्मेंद्र लहूलुहान हो गए। सूचना पर पहुंची 'डायल 112' पुलिस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया।कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे का आज होगा भव्य उद्घाटन, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**मंगरौला में उमड़ेगा जनसैलाब**

जागरण मोर्चा कार्यालय


गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की तैयारियां। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देने वाले बहुप्रतीक्षित 'गंगा एक्सप्रेस-वे' का बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य उद्घाटन करेंगे। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौला में विशाल लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले इस समारोह में करीब पांच हजार लोगों के जुटने की संभावना है। अमरोहा के जिलाधिकारी निति न गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केपी मलिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा सांसद चौधरी कवर सिंह तंवर रहेंगे। और वही भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, सदस्य विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लों, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक धनौरा राजीव तरारा, सदस्य विधान परिषद जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद सत्यपाल सिंह सैनी,भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने जर्मन हैंगर, वॉटर स्प्रिंकलर और भोजन-पानी के व्यापक इंतजाम किए हैं।इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से अमरोहा से प्रयागराज की 550 किलोमीटर की दूरी मात्र 6 घंटे में तय होगी। अमरोहा जिले में एक्सप्रेस-वे का 23.6 किमी हिस्सा है, जिसका मुख्य एंट्री-एग्जिट पॉइंट मंगरौला में ही बनाया गया है। एक्सप्रेस-वे पर बिना रुके अत्याधुनिक सेंसर आधारित टोल वसूली होगी, जिसमें निजी कारों के लिए दर 2.55 प्रति किमी निर्धारित की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर दोपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी व अखिलेश का पुतला

**कांठ।** नगर में भाजपाइयों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता भारी संख्या में श्री रामलीला मंदिर के निकट चौराहे पर एकत्रित हो गए। भाजपा कार्यकर्ता प्राप्त 11:00 बजे करीब अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी के फोटो लगा एक तैयार पुतला लेकर आए। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% प्रतिशत भागीदारी आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन है जिसका उद्देश्य संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। वक्ताओं का कहना था कि कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी द्वारा महिला आरक्षण का विरोध करना तुच्छ मानसिकता दर्शाता है। इसके उपरांत भाजपाइयों ने कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए दोनों नेताओं के पुतले में आग लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।



पुतला फूंककर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

## महिलाओं ने फूंका कांग्रेस और सपा का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम में सहयोग न देने पर महिलाओं ने आक्रोश जाहिर करते हुए विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली और इंदिरा चौक पर कांग्रेस और सपा का पुतला फूंककर विरोध जताया। रैली में महिलाओं ने भाग लेते हुए अपने अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

मंगलवार को नगर के बस्ती से प्रारंभ हुई यह पदयात्र नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इंदिरा चौक तक पहुंची। रैली के समापन पर आयोजित सभा में विधायक राजीव तरारा ने कहा किए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का जो प्रयास किया गया, उसका विरोध करना महिला सशक्तिकरण के खिलाफ है। मातृशक्ति अब इस तरह के विरोध को स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा-कांग्रेस द्वारा 33 % महिला आरक्षण का विरोध किया गया। महिलाओं ने विरोध स्वरूप कांग्रेस और सपा का पुतला दहन किया। इस मौके पर सत्यपाल पाल, देवेश शर्मा, ब्रजेश अग्रवाल, वैभव गोयल, सतवीर सिंह, दीपाली गंगवार, मनु शर्मा, मनमोहन सिंह, संजय सिंह गौर, डॉ-दीपक गंगवार, सोनू कश्यप इत्यादि मौजूद रहे।


कंटेनर में फंसा जियो फाइबर का केबिल, खंभा टूटने से मचा हड़कंप।

## कंटेनर में फंसा जियो फाइबर का केबिल, खंभा टूटने से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के अमरोहा अड्डा के नजदीक एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंबेडकर पार्क की ओर से जा रहा एक कंटेनर जैसे ही नगर के राजपूत कॉलोनी स्थित एक शादी मंडप के सामने पहुंचा, वह सड़क के ऊपर से गुजर रहे जियो फाइबर का केबिल कंटेनर में फंस गया। खिंचाव इतना जबरदस्त था कि बिजली का खंभा जड़ से उखड़कर सीधे कंटेनर के ऊपर जा गिरा।खंभा गिरते ही मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त बिजली की आपूर्ति बंद थी, अन्यथा करंट की चपेट में आने से बड़ी जनहानि हो सकती थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है।

## खेत में कूड़ा निकाल रहे किसान को सांप ने डसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव इशापुर शर्की में सोमवार शाम खेत पर काम कर रहे किसान रामपाल को जहरीले सांप ने डस लिया। गन्ने की सूखी पत्तियां निकालते समय सांप ने उनके पैर पर काट लिया, जिसकी जानकारी उन्होंने तुरंत फोन पर परिजनों को दी।

परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद किसान की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इस घटना के बाद से किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और ग्रामीण भी दहशत में हैं।

## लिंक रोड की मरम्मत न होने पर गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन का विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर ने गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ी जर्जर संपर्क सड़कों की मरम्मत न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है।

मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि सड़कों की दशा नहीं सुधरी, तो किसान एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन का विरोध करेंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 29 अप्रैल को एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रस्तावित है, लेकिन इससे


भाकियू बीआर अंबेडकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

जुड़ने वाले मार्ग विशेषकर रुखालू से मंगरौला और तीसरा मिल से रुखालू पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। भारी वाहनों के कारण सड़कों पर गहरे गड्ढे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।यूनियन ने मांग की है कि सर्विस रोड और मुख्य संपर्क मार्गों का निर्माण युद्धस्तर पर शुरू कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सोनू गुर्जर, कुलदीप भारती, नन्हे यादव, रुम सिंह खड़गवंशी, अमरजीत, नन्हे सिंह,मंथन, किरतपाल आदि किसान नेता मौजूद रहे।

**संक्षेप समाचार**

### महिला ने कलह के चलते खाया जहर

**गजरौला।** एक महिला ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। पति ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार नगर के एक मौहल्ला निवासी महिला ने घरेलू विवाद के जहरीले पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो उसका पति और परिजन उसे लेकर रात में ही नगर के सीएचसी पहुंचे, जहां पर चिकिसक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर महिला के पति से घटना की जानकारी ली।

### पुलिस ने दो जुआरी खेलते पकड़े, किया चालान

**गजरौला।** पुलिस ने दो युवकों को जुआ खेलते समय गिरफ्तार करके चालान किया। आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी और लगभग 600 रूपये भी बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार थाने के एसआई अनिल शर्मा पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी उन्हें मुऽबिर से सूचना मिली कि मौहल्ला जवाहर नगर में दो युवक जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर छापेमारी की और दोनों आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया। पड़के गए आरोपियों में मौहल्ला आजादनगर निवासी विक्की और चमन शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज करके चालान किया।


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते जिला विद्यालय निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

### डीआईओएस ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कांठ।** जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद ने बाबूराम शर्मा मैमोरियल इंटर कॉलेज लदावली में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में कक्षा 10 में जनपद की टॉप 10 में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद धनराशि, प्रशस्ति पत्र, एवं मैडल देकर सम्मानित किया। मंगलवार को क्षेत्र के बाबूराम शर्मा मैमोरियल इंटर कॉलेज लदावली विद्यालय में मेधावी सम्मान समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय विद्यालय के मेधावी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कक्षा-10 में जिले की टॉप-10 सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र नितिन को 5100 रुपये, प्रशस्ति पत्र, मेडल और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कक्षा-10 में ही पाँच छात्र/छात्राओं - हर्ष कुमार, इकरानाज, रांशु कुमार, कनक सागर व कशिश को 1100 रूपये, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया तथा कक्षा-12 के छात्रों में तरूण पाल, मधु, हिगांशु कक्षा-11 के छात्रों में नवनीत कुमार, अनामिका, प्रेरणा कक्षा-1 के छात्रों में ईशू विश्नोई, रीफा खातून, दिशाका पात कक्षा-8 के छात्रों में औ0 अल्तमश, खुशी, अनुष कुमार कक्षा-7 के छात्रों में तनवी विसोई, अगन, आयुष कुमार सागर तथा कक्षा-6 के छात्रों में सिद्धार्थ सागर, जीविका व विशाका पाल आदि छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक सुरेशचन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा समस्त स्टाफ में बलवन्त सिंह, अनीस अहमद अहमद, खानचन्द, अनिल , देवानन्द सुशील हरेन्द्र, रणजीत, सौरभ, प्रेगलता, अंजु सविता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सीएचसी में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव 120 माताओं को बेबी किट का किया वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शासन के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर स्थित सीएचसी में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और लैंगिक सामान्य को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन एवं बाल संरक्षण अधिकारी राकेश सिंह और सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया।


सीएचसी में बेबी किट वितरण करते हुए। -जागरण मोर्चा

इस दौरान जन्मी बेटियों और एक वर्ष तक की कन्याओं की माता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित भी किया गया। नवजात से लेकर 1 वर्ष की कन्याओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए माता को विशेष 120 बेबी किट भी प्रदान की गई, इसी के साथ भीषण गर्मी और बीमारियों से बचाव के लिए माता को मच्छरदानी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारियों ने महिलाओं को बच्चों के बेहतर लालन-पालन के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के अंत में भारी संख्या में मौजूद महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीओ राकेश सिंह,डीईओ आदिल सैफी, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह, डीसीपीएम आसमा परवीन, आरती शर्मा, मदन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## छात्रों के गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के पास मंगलवार दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर दो छात्र गुटों में जमकर मारपीट हुई। देखते ही देखते सड़क पर वेल्टों से हमला शुरू हो गया, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इस हिंसक झड़प में कई छात्र घायल हुए हैं।

हैरानी की बात है कि किसी भी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। हालांकि, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्चस्व को लेकर यहाँ अक्सर टकराव होता है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

## न्यायालय परिसर में दुस्साहस, महिला ने अधिवक्ता के सिर पर रॉड से किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर की मुंसिफ कोर्ट परिसर में उस समय अखाड़ा बन गया, जब एक महिला मुवक्किल ने अपने ही अधिवक्ता पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अधिवक्ता लहूलुहान होकर गिर पड़े, जिससे कोर्ट रूम में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, नगर की मुंसिफी कोर्ट में पुष्पा नामक महिला का एक मुकदमा चल रहा है, जिसकी पैरवी अधिवक्ता ईश्वरचंद्र कर रहे हैं। मंगलवार दोपहर जब कोर्ट में कार्यवाही चल रही थी, तभी पुष्पा ने अपने थैले से लोहे की रॉड निकाली और अधिवक्ता के सिर पर दे मारी। घायल अधिवक्ता को तुरंत उपचार


घायल अधिवक्ता।

के लिए भेजा गया। घटना से आक्रोशित वकील कार्य बहिष्कार कर कोतवाली पहुंच गए और सुरक्षा की मांग को लेकर हंगामा किया। मुंसिफ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदराम सिंह ने घटना की निंदा करते हुए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि आरोपी महिला को पकड़ लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**सम्मान** — दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का भव्य शुभारंभ

## बोर्ड परीक्षा की मेधावी छात्राओं को मिलीं साइकिलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रोटरी क्लब हसनपुर 'आस्था' के सौजन्य से मंगलवार को चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।


छात्राओ को सम्मानित करते हुए। -जागरण मोर्चा

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटरी मंडल 3100 की गवर्नर पायल गौड़, पूर्व मं डलाध्यक्ष हरि गुप्ता व विद्यालय डायरेक्टर ब्रह्मदत्त त्यागी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हाईस्कूल में वंदना शर्मा प्रथम, निकिता द्वितीय व हिमांशी चावला तृतीय तथा इंटरमीडिएट में आरूषी नागर प्रथम, इलमा द्वितीय व सबिता यादव तृतीय को साइकिल, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। टॉप-10 सूची की अन्य छात्राओं को बैग व मेडल भेंट किए गए। मुख्य अतिथि पायल गौड़ ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधिका सुमन त्यागी, डॉ. सुरेंद्र सिंह त्यागी, अनुपम त्यागी और रोटरी क्लब के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे।

## टीएमयू में टिकाऊ विकास मॉडल को विशेषज्ञ संकल्पित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज़ की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों-एसडीजीएस पर नेशनल कॉन्फ्रेंस में शिक्षाविदों, पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों ने सतत कृषि, जैव विविधता संरक्षण, जल संसाधन, जलवायु लचीलापन और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

विशेषज्ञों ने कहा, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि, पर्यावरण और समाज के बीच संतुलित एवम् टिकाऊ विकास मॉडल अपनाना अनिवार्य है। यूपी के संग-संग उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश सरीखे सूबों के शिक्षाविदों, रिसर्चर्स



आदि ने ब्लेंडेड मोड में कॉन्फ्रेंस में सहभागिता की। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के एक दर्जन यूजी और पीजी के स्टुडेंट्स ने कॉन्फ्रेंस की थीम पर रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स प्रजेंट किए। ज्यूरी की ओर से बेस्ट रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स को पुरस्कृत किया गया। एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीण कुमार जैन और कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया, उत्कृष्ट रिसर्च पेपर का खिताब पीजी के स्टुडेंट सचिन यादव की झोली में रहा। पोस्टर प्रस्तुति में कुमाऊं यूनिवर्सिटी की फैकल्टी डॉ. हिमानी गार्गी विजेता रहीं, जबकि ओरल प्रजेंटेशन में यूजी के आर्या, लोचन व्यास, मनी कुमारी, आनन्द राज अव्वल रहे। कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह का दीप प्रज्जवलन के संग शंखनाद हुआ। अंत में सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. इशिता मिश्रा और डॉ. सुषमा सिंह ने किया।

पोस्टर प्रजेंटेशन में टीएमयू के बीएससी एग्रीकल्चर के सार्थक और प्रियांशु, जबकि ओरल प्रजेंटेशन में यूजी के लोचन व्यास द्वितीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. उपासना, सुश्री कुसुम फरसवान आदि शामिल रहे। कॉन्फ्रेंस में डॉ. बलराज सिंह, डॉ. महेश सिंह, डॉ. देवेन्द्र पाल सिंह, डॉ. मनदीप रावत, डॉ. आशुतोष अवस्थी, डॉ. चारु बिष्ट, डॉ. निमित कुमार, डॉ. ब्रजपाल सिंह, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. अनुप्रिया राना, डॉ. आयुष मिश्रा, डॉ. प्रिंस साहू, डॉ. शबनम ठाकुर, डॉ. अमित मौर्या के संग-संग यूजी-पीजी स्टुडेंट्स, रिसर्च स्कॉलर्स आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## शूटआउट एट ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप पर हमले का प्रयास न केवल उनकी सुरक्षा-व्यवस्था में दरारों को स्पष्ट करता है, बल्कि अमरीका में खतरनाक, जानलेवा होती 'बंदूक-संस्कृति' पर भी सोचने को बाध्य करता है। राजधानी वॉशिंगटन के 'हिल्टन होटल' में राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस समेत कैबिनेट के कुछ मंत्रियों को भी निशाना बनाया गया। वाकई यह खौफनाक विचार है। अलबत्ता यह राहत का विषय है कि होटल के उस हॉल में मौजूद करीब 2600 मेहमान भी बाल-बाल बचा लिए गए। खौफ और डर से उनकी सांसें ही थम-सी गई होंगी! मौका था 'व्हाइट हाउस' कवर करने वाले संवाददाताओं के रात्रि-भोज का। अभिव्यक्ति की आजादी और राष्ट्रपति-मीडिया के आपसी रिश्तों का प्रतीक माना जाता रहा है यह रात्रि-भोज। कई अतिविशिष्ट लोग भी आमंत्रित होते हैं। सुरक्षाकर्मियों की पहरेदारी और चौकसी बहुत सख्त होती है। उन लम्हों में एक अमरीकी नागरिक के भीतर ट्रंप प्रशासन के प्रति नफरत, आक्रोश, वितृष्णा के भाव पल रहे थे, क्योंकि हमलावर ने अपने परिवार को भेजे एक संदेश में राष्ट्रपति ट्रंप को 'गद्दार' और 'बलात्कारी' करार दिया था। यदि इसे आम अमरीकी की राष्ट्रपति के प्रति मन :स्थिति और सोच का आधार माना जाए, तो राष्ट्रपति ट्रंप के लिए घरेलू हालात भी बदतर और चिंताजनक हैं, लेकिन हम निर्वाचित जन-प्रतिनिधि पर किसी भी तरह के हिंसक प्रहार अथवा ऐसी किसी भी साजिश की निंदा करते हैं और खारिज करते हुए यकीन रखते हैं कि कानून ऐसे हमलावर को कड़ी सजा देगा। अमरीका ने अब्राहम लिंकन से जॉन एफ. कैनेडी तक चार राष्ट्रपतियों को खोया है। उनकी हत्या कर दी गई। इसी 'हिल्टन होटल' में 30 मार्च, 1981 को तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर भी गोलीबारी कर उनकी हत्या करने की कोशिश की गई थी, लेकिन रीगन से ट्रंप तक कई घटनाएं, कई हमले ऐसे हुए हैं, जिनमें राष्ट्रपति बाल-बाल बचे अथवा 'सीक्रेट सर्विस' के कमांडो टाइप जवानों की मुस्तैदी ने उन्हें बचा लिया। राष्ट्रपति बनने से पहले और बाद में ट्रंप पर यह चौथा हमला किया गया, एक हमले में हमलावर की गोली ट्रंप के कान को हवा की तरह छू कर निकल गई, लेकिन अमरीका जैसे प्राचीनतम, सशक्त लोकतंत्र में इस हद की नफरत और हिंसा वाकई चिंतित करती है। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए, लिहाजा ट्रंप प्रशासन इस पर गंभीरता से चिंतन-मनन करे और व्यवस्था को बदले। बंदूक गोली-बिस्कुट की तरह उपलब्ध नहीं होनी चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हमलावर कोल थॉमस एलन कोई अशिक्षित, हिंसक अश्वेत समूह का सदस्य था या पेशेवर अपराधी था। वह प्रशिक्षित इंजीनियर है और कोचिंग इंस्टीट्यूट सी-2 में अध्यापक था। सी-2 से उसे दिसंबर, 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' का अवार्ड भी मिला था। ऐसा शख्स 'राजनीतिक हत्या' की पराकाष्ठा तक कैसे सोच सकता था? चश्मदीदों का कहना है कि हमलावर ने 7-8 राउंड गोलीबारी की थी और सुरक्षा के दो प्वाइंट पार भी कर लिए थे। वह राष्ट्रपति और मेहमानों तक भी पहुंच सकता था! लेकिन 'सीक्रेट सर्विस' के जवानों ने उसे वहीं दबोच लिया। राष्ट्रपति ट्रंप और सभी मेहमान जिस हॉल में थे, उससे काफी दूरी पर हमलावर था, लेकिन हमले के प्रयास में कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जा सकती। वैसे हमलावर के पास से शॉटगन, हैंडगन, दो बंदूकें, कुछ चाकू बरामद किए गए हैं। क्या एलन एक पेशेवर अपराधी बनने की राह पर था? इस हमले के संदर्भ में ईरान कनेक्शन भी उभरा था और कई आशंकाएं जताई गई थीं, लेकिन उसे राष्ट्रपति ट्रंप ने ही खारिज कर दिया। अमरीकी राष्ट्रपति को ईरान के मुद्दे पर भी बेहद गंभीरता से सोचना चाहिए। यह युद्ध अमरीका की साम्राज्यवादी सोच का भी नतीजा है, लेकिन अमरीका को ईरान को मिट्टी-मलबा करने के बावजूद कुछ भी ठोस हासिल नहीं हुआ है। ट्रंप के पास 1 मई तक का वक्त है। अंतत: यह मामला अमरीकी संसद में उठेगा। राष्ट्रपति को 20 और दिन मिल सकते हैं, लेकिन उस वक्त में सैनिकों, युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों आदि की वापसी करनी होगी। राष्ट्रपति ट्रंप की तब भी किरकिरी होगी। लिहाजा इस हमले के मद्देनजर ट्रंप को ऐसा निर्णय लेना चाहिए, जो विनाश पर विराम लगा सके और शांति-स्थिरता का नया अध्याय शुरू हो सके। फिलहाल उन्हें इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीति और युद्धनीति को खारिज कर देना चाहिए। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं होता, बातचीत से मसला हल होना चाहिए।

# रस्सी जल गई पर बल नहीं गया!

पिछले काफी समय से अरविंद केजरीवाल को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सबसे बड़ा झटका तब लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल समेत AAP के 7 राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा (BJP) का दामन थाम लिया।

भारतीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ समय से महत्वपूर्ण चेहरा माने जा रहे थे । दिल्ली से राजनैतिक सफर की शुरुआत करने वाले अरविंद केजरीवाल ने बहुत कम समय में राजनैतिक गलियारों में अपना नाम अंकित करवाया तथा अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्जा दिलवाया, परंतु दिल्ली में संपन्न हुए चुनाव में केजरीवाल को पराजय का सामना करना पड़ा था। पिछले काफी समय से अरविंद केजरीवाल को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा दिल्ली में हार से सभी लोग उनके राजनैतिक भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता रहा हैं। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक झटके ऐसे लगे है जब उनके भविष्य के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहे है। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल समेत AAP के 7 राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा (BJP) का दामन थाम लिया है। उधर कोर्ट में उन पर शराब घोटाले का केस भी चल रहा है। पर कहते है न कि रस्सी जल जाती है पर बट नहीं जाता वैसे ही दिल्ली के पूर्व सीएम और AAP के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का बट नहीं जा रहा है। आज भी वो प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे है। सोमवार को एक सभा में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर 2026 पूरा नहीं कर पाएंगे। मेरा दिल और राजनीतिक समझ कहती है कि मोदी और अमित शाह जाने वाले है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है। उनका साम्राज्य जाने वाला है।केजरीवाल ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की किताब लॉन्च के दौरान दिल्ली में कही। इस दौरान दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल और संजय सिंह समेत कई विपक्षी नेता मौजूद थे। देखने वाली बात यह है कि सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो पंजाब के होशियारपुर का है। इस वीडियो में दिख रहा है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो ना तो कोई मंत्री हैं ना कहीं के विधायक, फिर भी उनके काफिले में दर्जनों लक्जरी कार और कमांडो साथ हैं। खुद को आम आदमी बताने वाले केजरीवाल के इसी दोहरापन पर लोग उनसे नाराज हैं। विपश्यना के लिए पंजाब पहुंचे केजरीवाल के काफिले पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उनके काफिले का नजारा देखने वाला था। उनके काफिले में पचास से अधिक गाड़ियां शामिल थीं, जिनमें से दो-दो करोड़ रुपए की लैंड क्रूजर शामिल थीं। इसके अलावा 100 से अधिक पुलिस कमांडो उनके साथ थे। यही नहीं, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी शामिल थीं और वह कहते हैं कि शांति लेने के लिए वहां गए हैं। मैं पूछता हूं कि यह कैसी शांति है, जिसके लिए पंजाब के लोगों के खजाने से लाखों रुपए उड़ाए जा रहे हैं।केजरीवाल के काफिले पर तंज कसते हुए उनकी पूर्व सहयोगी स्वाति मालीवाल ने कहा कि सारी दुनिया को वीआईपी कल्चर पर टोकने वाले केजरीवाल जी आज ख़ुद डोनाल्ड ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं। पंजाब से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने तो कहा कि रस्सी जल गई पर बल नहीं गया!! यह काफिला देश के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का नहीं, बल्कि एक हारे हुए विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का है। आये है 10 दिन के लिए ध्यान लगाने, पर काफिला 10 किलोमीटर लम्बा! दिल्ली में हारते ही शांति ढूंढने पंजाब आ गए? अगर ध्यान लगाना था तो वीआईपी काफिला क्यों? क्या यह आम आदमी की तपस्या है यां महाराजाओं की राजशाही? सबसे ज्यादा पार्टी को बड़ा झटका दिया संदीप पाठक ने। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक़, बीजेपी में जाने की तो छोड़ ही दीजिए शायद ही किसी



ने कल्पना की होगी संदीप पाठक आम आदमी पार्टी छोड़ देंगे।कहा जाता है कि संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के दूसरे नेताओं की तुलना में भले ही सार्वजनिक मंचों पर कम दिखते रहे हों लेकिन साल 2016 में पार्टी में शामिल होने के बाद से ही कोर लीडरशिप में उनका असर बढ़ता ही गया।संदीप पाठक को आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है। आम आदमी पार्टी पर क़रीबी नज़र रखने वालों का दावा है कि पार्टी को 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव जिताने का श्रेय भी संदीप पाठक को जाता है। संदीप पाठक की चुनावी रणनीति बनाने की काबिलियत की वजह से ही उन्हें 2022 में पार्टी की राजनीतिक मामलों की कमेटी का जनरल सेक्रेट्री बना दिया गया था। पार्टी में इतनी मजबूत स्थिति के बावजूद उनका इसे छोड़कर चले जाना राजनीतिक पर्यवेक्षकों को हैरान कर गया।हालांकि आम आदमी पार्टी के कामकाज पर नज़दीकी नज़र रखने वालों का कहना है देर-सवेर ऐसा होना ही था।आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक कवर करने वाले पत्रकार विक्रांत यादव का कहना है, "संदीप पाठक ने शुरू में आम आदमी पार्टी के लिए अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के लिए 2017 और 2022 के पंजाब चुनावों की रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाई।" "कई राजनीतिक सर्वे कराए। 2022 का चुनाव जिताने में भी उनका रोल अहम रहा। लेकिन पिछले एक डेढ़-साल से पार्टी और संदीप के रिश्ते में दूरियां आ गई थीं।"आख़िर चुनावी रणनीति में इतनी अहम भूमिका में रहे संदीप पाठक और पार्टी की दूरियों की वजह क्या थी ?विक्रांत यादव कहते हैं, ''संदीप और आम आदमी पार्टी के नेतृत्व के बीच दूरियों की असली वजह थी दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार। कहा गया कि चुनाव से पहले करवाए जाने वाले पार्टी के सर्वे ठीक नहीं हुए। इसके लिए संदीप को ज़िम्मेदार ठहराया गया और आख़िरकार पार्टी की करारी हार के लिए भी उन्हें कटघरे में खड़ा किया गया। तभी से संदीप और पार्टी का कनेक्ट कम होता गया।''विश्लेषकों का कहना है कि हालांकि इसके बाद भी संदीप पाठक पूरी तरह पार्टी से दूर नहीं हुए थे। पार्टी को उनकी विशेषज्ञता का एहसास था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राघव चड्ढा और अशोक मित्तल के बीजेपी में जाने का अंदेशा तो पार्टी नेतृत्व को था। अशोक मित्तल जैसे नेताओं पर तो बीजेपी आईटी और ईडी रेड का डर दिखाकर दबाव बना रही थी। लेकिन आम आदमी पार्टी को अंदाज़ा नहीं था कि संदीप भी बीजेपी की राह पकड़ेंगे।राघव चड्ढा और अशोक मित्तल के बीजेपी में जाने की ख़बर मिलने के बावजूद पार्टी ने उन्हें मनाने की कोशिश नहीं की।लेकिन आम आदमी पार्टी की ओर से संजय सिंह ने गुरुवार को संदीप पाठक से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश की थी। आम आदमी पार्टी के कामकाज को लंबे समय से देख रहीं पत्रकार रूपाश्री नंदा का कहना है कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में संदीप पाठक की भूमिका बेहद अहम थी। इसके लिए उन्हें पार्टी के बाहर और भीतर दोनों जगह तारीफ़ मिली।

■ अशोक भाटिया

# नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्ती

भारत सरकार क्षेत्रवार कृषि नीति, नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्त कानून की तैयारी कर रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार कृषि नीति में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब खेती के लिए पूरे देश में एक जैसी नीति के बजाए क्षेत्रवार रणनीति बनाई जाएगी। जलवायुए पानी की उपलब्धता, भूमि की स्थिति और फसल पैटर्न के आधार पर अलग.अलग क्षेत्रों के लिए अलग योजना तैयार होगी। उन्होंने कहा कि भारत को कृषि विकास के लिए अब व्यावहारिक और स्थानीय जरूरतों पर आधारित मॉडल अपनाना होगा। लखनऊ सम्मेलन में शिवराज सिंह चौहान का संदेश साफ रहा कि आने वाला समय वैज्ञानिक, टिकाऊ, जलवायु अनुकूल और किसान.केंद्रित खेती का है। यदि राज्य और केंद्र मिलकर काम करें तो भारतीय कृषि को नई ऊंचाई दी जा सकती है। इसी सोच के तहत देश को पांच कृषि क्षेत्रों में विभाजित किया गया है और हर क्षेत्र के लिए अलग सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं ताकि राज्यों के साथ मिलकर खरीफ और रबी मौसम की ठोस कार्ययोजना बनाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से अपील की कि वे अपनी कृषि परिस्थितियों के अनुसार अलग रोडमैप तैयार करें। उन्होंने कहा कि जब तक हर राज्य अपनी मिट्टी, पानी, फसल और बाजार के हिसाब से दीर्घकालिक योजना नहीं बनाएगा तब तक कृषि का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार वैज्ञानिकों, कृषि



विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से राज्यों को पूरा सहयोग देगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने खाद्यान्न उत्पादन, खासकर गेहूं और धान में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन आने वाले समय में केवल इन फसलों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। अब दालें, तिलहन, बागवानी, फल, सब्जियां, खाद्य प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने कृषि क्षेत्र के तीन बड़े लक्ष्य हैं- देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और नागरिकों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना। चौहान ने बताया कि सरकार की कृषि रणनीति छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित है-उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, किसानों को मेहनत का उचित मूल्य दिलाना, नुकसान होने पर मुआवजा देना, फसल विविधीकरण बढ़ाना और किसानों को बाजार से जोड़ना। खेती को अब केवल उत्पादन तक सीमित नहीं देखा जा सकता। इसे प्रसंस्करण, निर्यात, तकनीक और पर्यावरणीय स्थिरता से जोड़कर देखना होगा। मंत्री ने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में छोटे किसान हैं इसलिए कम जमीन से अधिक आय देने वाले मॉडल अपनाने होंगे। उन्होंने अंतरवर्तीय फसल प्रणाली, अनाज के साथ फल.सब्जी उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन और वृक्ष आधारित खेती जैसे एकीकृत कृषि मॉडल को छोटे किसानों के लिए उपयोगी बताया। केंद्र सरकार ऐसे कई मॉडल तैयार कर चुकी है जिन्हें राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार लागू कर सकते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले खरीफ और रबी सीजन को लेकर पूरे देश के लिए एक ही बैठक होती थी, लेकिन भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक मंच पर सभी क्षेत्रों की समस्याओं पर गहराई से चर्चा संभव नहीं थी। इसी कारण अब जोनल कॉन्फ्रेंस मॉडल शुरू किया गया है ताकि हर क्षेत्र की मिट्टी, जलवायु, पानी, फसल प्रणाली और स्थानीय चुनौतियों के अनुसार रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत कृषि दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र हैए जहां पंजाब और हरियाणा हरित क्रांति के केंद्र रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी भी बड़ी संख्या में किसानों को सस्ता संस्थागत ऋण नहीं मिल पा रहा है। इसलिए हर पात्र किसान तक किसान क्रेडिट कार्ड पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि किसान समय पर बीज, उर्वरक, मशीनरी और अन्य संसाधन खरीद सकें। उन्होंने फार्मर आईडी को कृषि प्रशासन में बड़ा सुधार बताया। इसके तहत भूमि रिकॉर्ड, खसरा नंबर, पशुधन और किसान से जुड़ी अन्य जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी जिससे योजनाओं का लाभ तेजी और पारदर्शिता से मिल सकेगा। मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक शोध का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए विकासित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत वैज्ञानिकों और अधिकारियों की टीमें गांव.गांव जाकर किसान सभाएं करेंगी और नई तकनीक, उन्नत बीज तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रयोगशाला का ज्ञान खेत तक नहीं पहुंचेगा तब तक शोध का वास्तविक लाभ किसानों को नहीं मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा नकली बीज, नकली कीटनाशक और मिलावटी कृषि उत्पादों के खिलाफ कड़े कानून बनाने को लेकर रही। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मौजूदा कानून पर्याप्त सख्त नहीं हैं। कई मामलों में मामूली जुर्माने का प्रावधान है जिससे दोषियों में डर नहीं बनता। इसलिए बीज अधिनियम और कीटनाशक कानून में सख्त प्रावधान लाने की तैयारी की जा रही है।

■ पुनीत उपाध्याय

# सभ्यता, युद्ध और विकास की अवधारणा

हमानवीय सभ्यता की कहानी वास्तव में मनुष्य की जिजीविषा और उसके संघर्षों की एक लंबी दास्तान है किंतु इसे केवल युद्धों और विजयों के रक्त-रंजित पदचिह्नों से मापना एक बड़ी भूल होगी। सभ्यता का अर्थ अगर सुसंस्कृत होना है, तो युद्ध उसी संस्कृति का वह काला अध्याय है जो अक्सर विकास की आड़ में अपनी जगह बना लेता है। प्रारंभिक बस्तियों से लेकर आज के महानगरों तक की यात्रा में हमने संपत्ति, संसाधन और सीमाओं के लिए अनगिनत युद्ध लड़े। आदिम युग में जब मनुष्य वनों में रहता था, तब उसकी लड़ाई केवल अस्तित्व की थी, वह भोजन और सुरक्षा के लिए लड़ता था किंतु मनुष्य मूलतः एक सामाजिक प्राणी है और समाज केवल व्यक्तिगत स्वार्थ या अराजकता से नहीं, बल्कि सामूहिकता के कुछ शाश्वत नियमों से संचालित होता है। यही कारण है कि आज जब हम अंतरिक्ष की सीमाओं का विस्तार कर रहे हैं, तब वहां किसी राष्ट्र विशेष का एकाधिकार नहीं, बल्कि मानव मात्र का साझा अधिकार घोषित किया जाना चाहिए। अंतरिक्ष पर, चांद या मंगल पर कब्जा करने की विकसित राष्ट्रों की वर्तमान मनोवृत्ति हमारी आदिम भूलों की पुनरावृत्ति होगी। सभ्यता के जिस विकास को आज हम ऐतिहासिक तथ्यों के रूप में पढ़ते हैं, वह अक्सर अर्द्धसत्य प्रतीत होता है। यदि विकास वास्तव में हुआ होता, तो उसके साथ शांति की एक अविराम धारा भी प्रवाहित होनी चाहिए थी। संघर्ष प्रगति का परिचायक हो सकता है लेकिन युद्ध मानवीय चेतना की हार है। सम्राट अशोक का उदाहरण इस संदर्भ में ऐतिहासिक ही नहीं, वरन दार्शनिक महत्व का है। अशोक ने कलिंग के भीषण रक्तपात के बाद जब शस्त्र त्यागे, तो वह मात्र एक राजा का हृदय परिवर्तन नहीं था, बल्कि वह इस बोध की विजय थी कि विकास युद्ध को असंभव बनाने में है, न कि उसे बढ़ावा देने में। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमें इसी वैश्विक बोध की आवश्यकता है। पृथ्वी के प्राकृतिक भंडार, चाहे वे समुद्र की गहराइयों में हों या ध्रुवों के हिमखंडों में संग्रहित तेल और गैस, उन पर किसी एक शक्ति का नहीं बल्कि धरती की समस्त आबादी का नैसर्गिक हक है। यह समय की मांग है कि इन संसाधनों को 'वैश्विक साझा संपत्ति' मानकर एक सर्वमान्य अंतरराष्ट्रीय नियम बनाया जाए। जो राष्ट्र इन संसाधनों के दोहन में सक्षम हैं, वे इनका दोहन अवश्य करें, परंतु एकाधिकार के बजाय 'रॉयल्टी' जैसी न्यायपूर्ण व्यवस्था के माध्यम से इसका लाभ पूरी मानवता तक पहुँचाएं। इतिहास के पन्ने गवाह हैं कि महान सभ्यताओं के वैभव के पीछे रक्तपात की अनगिनत चीखें दफन हैं। मेसोपोटामिया से लेकर रोम तक, विकास ने हमें विज्ञान तो दिया, लेकिन विज्ञान ने हाथ में बारूद थमा दिया। मध्यकाल तक आते-आते युद्धों ने विचारधाराओं और धर्मों का लबादा ओढ़ लिया। मनुष्य महलों में रहने लगा, रेशमी वस्त्र पहनने लगा, लेकिन उसके भीतर का शिकारी कभी भी शांत नहीं हुआ। औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन बढ़ाया तो देशों की भूख भी बढ़ गई, जिसका भयावह परिणाम हमने हिरोशिमा-नागासाकी के परमाणु विस्फोट के रूप में देखा। परमाणु शक्ति जो ऊर्जा का अनंत स्रोत बन सकती थी, वह मानवता के लिए सबसे बड़ा भय बन गई। आज हम जिस आधुनिक युग में खड़े हैं, वहां युद्ध का बदला हुआ स्वरूप हम देख रहे हैं।

■ विवेक रंजन श्रीवास्तव

# कटी नाक पर पेड़ उगे

बाबा ठुल्लूदीन कहते हैं कि आज से बारह साल पहले जब देश आजाद नहीं था, जवाब कटघरे में हुआ करते थे। अगर जवाब ठीक नहीं होता था तो नेताओं को कटघरे में खड़ा कर दिया जाता था। बाज मर्तबा इस्तीफे तक हो जाते थे। लेकिन जब से कटी नाक पर पेड़ उगना शुरू हुए हैं, नेताओं की देखा-देखी आम लोगों ने भी इन्हीं कटी नाकों पर उगे पेड़ों के साये में ऊंघना शुरू कर दिया है। सूर्पणखा और सीता में भेद करना डॉन को पकडऩे की तरह मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी हो चुका है। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व वट वृक्ष की तरह फैलकर इतने सघन हो गए हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके पेड़ के साये में ऊंघ रहा है। देश में खर्राटों की आवाज इतनी बढ़ गई है कि अब अपने सीने की धडक़न भी सुनाई नहीं देती। जनाब शहरयार ने पता नहीं क्या सोच कर शे'र कहा था- सीने में जलन आंखों में तूफान सा क्यों है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है। सीने में जलन होने पर लोग अब ईनो पी लेते हैं, आंखों में तूफान आने पर अपने ईमान को कपड़े की तरह उन पर लपेट लेते हैं। इसलिए परेशानी का कोई सबब नहीं बचता। अगर इससे भी काम न बने तो किसी रात साढ़े आठ बजे देश के नाम संबोधन में सत्ता अपनी मक्कारी, अय्यारी और नाकामी के ठीकरे विपक्ष और अवाम पर फोड़ देती है। बाबा कहते हैं कि पता नहीं क्या वजूहात हैं कि डोनाल्ड डक द्वारा घोर बेइज्जती की सेंचरी मारने के बाद भी अवतारी उफ तक नहीं करते। कितना धैर्य है, कितनी सहनशीलता है इस महामानव में। यह तो उनके द्वारा हिमालय में की गई तपस्या का ही कमाल हो सकता है। वरना आम आदमी अब तक चुल्लू भर पानी में डूब कर भले न मरता, पर कम से कम कुछ तो बोलता। पर हो सकता है कि अवतारी अहिल्या हो गए हों, जो अपने पति से श्रापित होने के बाद शिला में परिवर्तित होकर उस राम की प्रतीक्षा कर रहे हों, जिसे उनकी पार्टी ने चुनावी मुद्दा बनाकर अयोध्या में कील दिया है। पता नहीं कण-कण में बसने वाले राम अब कभी अयोध्या से बाहर निकले पाएंगे या नहीं। अंदाजा नहीं कि अवतारी को कितने युगों तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। पर जो मजा इंतजार में है, वह मिलन में कहां? अगर आपने फारूख शेख और पूनम ढिल्लों की फिल्म 'नूरी' नहीं देखी तो अब देख लीजिएगा।

# अब पहले जैसे निर्विवाद नहीं रहा अमेरिका

आखिर दुनिया का "थानेदार" कहे जाने वाला अमेरिका खुद असुरक्षित क्यों दिखता है? असल में यह एक मिथक और हकीकत का मिश्रण है। अमेरिका के नेता, जैसे डोनाल्ड ट्रम्प के "असुरक्षित" दिखने के पीछे कई परतें होती हैं, क्योंकि उनकी मौजूदगी वाले स्थल पर यह तीसरा बड़ा हमला है। इसलिए यह सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक, संस्थागत और वैश्विक कारणों का मिश्रण है। पहला, वैश्विक नेतृत्व का दबावः अमेरिका लंबे समय से खुद को विश्व नेतृत्व की भूमिका में रखता है। जब कोई देश या नेता इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाता है, तो हर निर्णय पर आलोचना और चुनौती स्वाभाविक होती है-चाहे वह शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था हो या आज की बहुध्रुवीय दुनिया, अमेरिका ने हर चुनौतियों से सीखा और बेहतर समाधान देने की कोशिश की। दूसरा, घरेलू राजनीति की तीखी प्रतिस्पर्धाः डॉनल्ड ट्रंप की राजनीति बहुत ध्रुवीकृत रही है। अमेरिका के अंदर ही डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच तीखी टकराहट, मीडिया की आलोचना, और चुनावी दबाव—ये सब किसी भी नेता को "रक्षात्मक" या असुरक्षित दिखा सकते हैं। तीसरा, कानूनी और व्यक्तिगत विवादः ट्रंप कई कानूनी मामलों, जांचों और विवादों से घिरे रहे हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी नेता अपनी छवि और राजनीतिक भविष्य को लेकर सतर्क—कभी-कभी असुरक्षित—दिख सकता है। चौथा, बदलती वैश्विक शक्ति-संतुलनः अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रही। चीन, रूस जैसे देश चुनौती दे रहे हैं। इससे अमेरिका की



"थानेदार" वाली स्थिति पहले जैसी निर्विवाद नहीं रही, और यह असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है। ट्रंप की राजनीति में "हम बनाम वे" का नैरेटिव मजबूत रहा है। इस शैली में नेता अक्सर खतरे को बड़ा दिखाते हैं—चाहे वह बाहरी हो या आंतरिक—ताकि समर्थकों को एकजुट रखा जा सके। इससे भी "असुरक्षा" का आभास होता है। अमेरिका में लंबे समय में अपराध दर (crime rate) घटी है, खासकर 1990 के बाद से, लेकिन फिर भी लगभग 46% लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। यानी समस्या सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि डर का माहौल भी है कारण स्पष्ट है कि मीडिया, सोशल मीडिया, और मास शूटिंग जैसी घटनाएं लोगों के दिमाग में डर बढ़ाती हैं। सातवां, आर्थिक असमानताः अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर देशों में है, लेकिन अमीर-गरीब का अंतर बहुत बड़ा है बेरोजगारी, घर विहीनता, opioid crisis जैसी समस्याएं अपराध को बढ़ाती हैं। जहां असमानता ज्यादा होती है, वहां अपराध और असुरक्षा भी ज्यादा होती है। आठवां, हथियार संस्कृतिः अमेरिका में आम नागरिक के पास बड़ी संख्या में हथियार हैं। इससे छोटी घटनाएं भी घातक बन सकती हैं, जैसे शूटिंग इंसीडेंट्स। यही कारण है कि हिंसात्मक अपराध का डर ज्यादा रहता है। नौवां, अपराध का "केंद्रित" होनाः पूरे अमेरिका में समान खतरा नहीं है, बल्कि अपराध कुछ खास शहरों या इलाकों में ज्यादा केंद्रित होता है।।इसलिएः कुछ जगह बहुत सुरक्षित है पर कुछ जगह बहुत खतरनाक। दसवां,, मीडिया और राजनीति का प्रभावः लगातार चौबीस घण्टे सातों दिन न्यूज और सोशल मीडिया "खतरे" को अम्प्लीफाय (amplify) करते हैं। लोग वास्तविकता से ज्यादा डर महसूस करते हैं। "भय अर्थव्यवस्था" भी एक फैक्टर है। ग्यारहवां, पुलिस और सिस्टम की सीमाएँः अमेरिका पुलिस और जेल पर बहुत खर्च करता है, फिर भी मूल कारणों, जैसे- गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य, नशा आदि पर कम ध्यान दिया जाता है। इसलिए सुरक्षा का ढांचा "प्रतिक्रियावादी" है, "सुरक्षात्मक/संरक्षात्मक" कम। बारहवां, सामाजिक व्यवहार और जीवनशैलीः सड़क हादसे, नशा, मानसिक तनाव—ये भी असुरक्षा के बड़े कारण हैं कई मामलों में व्यवहार भी जिम्मेदार है।

■ कमलेश पांडेय

# ग्राम बरावन कलां एवं ग्राम हसनपुर में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: अवैध कब्जे से करोड़ो की सरकारी भूमि मुक्त

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज ग्राम बरावन कला, तहसील सदर में बड़ी कार्रवाई की गई। यह महत्वपूर्ण सार्वजनिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा अस्थायी बाउंड्री वॉल बनाकर और पौधरोपण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।

जेसीबी मशीन की सहायता



से अवैध बाउंड्री वॉल एवं अन्य निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम रत्नेश कुमार द्वारा किया गया।इस अभियान के तहत कुल 0.089 हेक्टेयर बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 26 लाख रुपये आंकी गई है। वही ग्राम हसनपुर खेवली (अंसल), तहसील सरोजनी नगर स्थित गाटा संख्या 710, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर (ऊसर भूमि) जिस भी अवैध कब्जा था।इस कार्रवाई में कुल 0.253 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 4 करोड़ रुपये आंकी गई है।

अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

ग्राम बरावन कला स्थित गाटा संख्या 1395, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.089 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में ह्लरास्ताह्व के रूप में दर्ज है। इस

इस कार्रवाई में सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम अरविंद पाण्डेय द्वारा गठित टीम सक्रिय रही। मौके पर राजस्व निरीक्षक श्री प्रदीप गिरी, नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार, अरविंद गौतम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही, नगर निगम की ईटीएफ (एनफोर्समेंट) फोर्स ने भी सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## महोना में निकली नारी आक्रोश पद यात्रा, महिलाओं ने लिया हिस्सा, विधायक हुए शामिल

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के कुंम्हरावां मण्डल के महोना नगर पंचायत में महिलाओं के सम्मान को लेकर नारी आक्रोश पद यात्रा निकाली गई। सुबह 10 बजे श्री गंगा गिरि बाबा स्थान महोना से शुरू हुई यह यात्रा नगर पंचायत महोना कार्यालय तक की गई। जिसमें बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने नारी शक्ति को संबोधित करते कहा कि यह पद यात्रा नारी शक्ति के आक्रोश को स्वर देने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए निकाली गईं हैं और विपक्ष ने मोदी सरकार द्वारा संसद में लाए गए महिला आरक्षण को लागू करने के लिये बिल गिराने का जो पाप किया है, उसे महिलाएं कभी नही भूलेंगी। महिलाओं ने नारी सम्मान और जागरूकता के नारे लगाए। वहीं इस दौरान बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,शिवदर्शन यादव, समाज सेविका व चेयरमैन हिमालयन ग्रुप समता सिंह बाफिला,जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अतुल मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, राधेश्याम गुप्ता, उमेश शुक्ला, इटौंजा मंडल राजेन्द्र वर्मा,मायाराम रावत,सहित सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति मौजूद रही।



# गांव के बेटे ने रचा इतिहास, 18 वर्ष की उम्र में बने लेफ्टिनेंट

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उन्नाव जनपद के छोटे से गांव हिंदू खेड़ा के होनहार युवक यश प्रताप सिंह ने महज 18 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव समेत पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है।

यश प्रताप सिंह किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता धीरेंद्र प्रताप सिंह किसान हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटे की शिक्षा और सपनों को पूरा करने में हर संभव सहयोग दिया।

यश ने भारतीय सेना में अधिकारी बनने की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 109 हासिल की है। इतनी कम उम्र में यह सफलता हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

बताया जा रहा है कि चयन प्रक्रिया के दौरान यश ने एसएसबी इंटरव्यू और मेडिकल जैसी कठिन परीक्षाओं को सफलता पूर्वक पार किया। अंतिम चरण तक पहुंचने वाले चुनिंदा अभ्यर्थियों में यश ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर जगह बनाई।

यश ने अपनी सफलता का



श्रेय माता-पिता और परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी कठिन समय आया, परिवार ने उनका हौसला बढ़ाया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

यश की सफलता की खबर मिलते ही हिंदू खेड़ा गांव और आसपास के क्षेत्रों में जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। गांव के बुजुर्गों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया, वहीं युवाओं ने यश को अपना प्रेरणास्रोत बताया।

यश प्रताप सिंह ने कहा कि उनका सपना भारतीय सेना में एक जिम्मेदार अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने कहा कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे।

यश की यह सफलता साबित करती है कि मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# लखनऊ के बिग डैडी क्लब में दो युवकों को पीटा,नशे में धुत कपल पहुंचे थाने, मारपीट का वीडियो वायरल

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के विभूति खंड थाना क्षेत्र में सोमवार को दो पक्षों में बवाल हो गया। क्लब के अंदर से शुरू हुआ झगड़ा सड़क पर आ गया, और साइबर हाइट्स के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोट आई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं रावतपुरा, रायबरेली निवासी शिवेंद्र सिंह अपने दोस्तों के साथ साइबर हाइट्स स्थित क्लब पहुंचे थे, जहां सोमवार-मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे विशाल नाम के युवक से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया और क्लब में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि विशाल ने







चाकू और कांटे-चम्मच से हमला किया, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की एक युवती ने शिवेंद्र और उसके साथियों पर कमर पर हाथ लगाकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि क्लब के अंदर उसके साथ बदतमीजी की गई, जिसका विरोध करने पर विशाल पर बियर की बोतल से हमला कर दिया गया। वहीं इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह का कहना है दोनों पक्षों से तहरीर मिल गई है और मामले में कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना हैं कि शिवेंद्र बिग डैडी में किसी बाउंसर का परिचित है। झगड़े के बाद सबको अलग कर दिया गया था। विशाल अपनी दोस्तों के साथ लिफ्ट से बाहर जा रहा था तभी दूसरे पक्ष के लड़कों ने लिफ्ट से खींचकर हाथापाई शुरू कर दी। जिससे मामला ज्यादा बढ़ गया। वहीं लोगों का आरोप है कि क्लबों में शराब के नशे में अक्सर युवक आपस में भिड़ जाते हैं। जिससे आसपास रहने वाले परिवार की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। लोगों का कहना है कि कई बार पुलिस को सूचना दी गई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## डबल मुनाफे का लालच दे 1.15 करोड़ की ठगी

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग,** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति 1.15 करोड़ रुपये की ठगी का केस दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित पूरन नगर निवासी राजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व जगदीश सिंह चौहान ने बताया बीते वर्ष 2019 में उनकी मुलाकात हिमांशु गिहार उर्फ आजाद से एक बैंक कर्मचारी के माध्यम से हुई थी। आरोप है कि हिमांशु ने खुद को निवेश और एसआईपी का जानकार बताते हुए उन्हें अधिक मुनाफे का लालच दे धीरे-धीरे विश्वास जीतकर अलग-अलग तारीखों में उससे लाखों रुपये एसआईपी, ट्रेडिंग और विभिन्न निवेश योजनाओं में लगवाए। शुरूआत में कुछ रकम वापस कर भरोसा मजबूत किया गया, जिसके बाद लगातार निवेश कराते हुए रकम बढ़ाई जाती रही और वर्ष 2021 से 2023 के बीच हिमांशु ने टेक-पे, एलाइंस ब्लू, विश्वास सिक्योरिटी, एसएमसी सिक्योरिटी जैसी कंपनियों के नाम पर भी निवेश कराया। बाद में घाटा होने का हवाला देकर आरोपी ने क्रिप्टोकरेंसी और आई फॉर्च्यून मशीन में पैसा लगाने के लिए उकसाया। वहीं पीड़ित का कहना था वर्ष 2023 से 2025 के बीच करीब 1,15,03,088 रुपये निवेश कराए गए। इसमें से लगभग 93.61 लाख रुपये आनन्दी इंटरप्राइजेज के नाम पर जमा कराए गए, जबकि बाकी रकम आरोपी और उसके परिजनों के खातों में ट्रांसफर कराई गई। आरोपी ईमेल के जरिए पैसे मंगवाता और स्क्रीनशॉट भी खुद ही पीड़ित के ईमेल से भेजता था। यहां तक कि निवेश के दौरान वह पीड़ित का मोबाइल भी खुद इस्तेमाल करता था।हिमांशु गिहार ने पीड़ित को भरोसा दिलाया था कि नवंबर 2025 से मुनाफे के साथ पूरी रकम खाते में आ जाएगी, लेकिन तय समय पर कोई पैसा नहीं मिला। इसके बाद जब पीड़ित ने अपने बेटे से जांच कराई तो सामने आया कि फर्जी दस्तावेज बुकलेट तैयार कर पूरी रकम का गबन कर लिया गया है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## सैरपुर थाना क्षेत्र में परमिशन के नाम पर मिट्टी खनन जारी, खनन विभाग के मानकों की उड़ रही धज्जियां

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत सैरपुर थाना क्षेत्र तराहिया गांव के पास परमिशन के नाम पर इन दोनों मिट्टी खनन बिना रोक-टोक किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो, सैरपुर थाना क्षेत्र के तराहिया गांव के पास दिन-रात मिट्टी खनन कर मिट्टी प्राइवेट दामों पर बाहर बेची जा रही है, कुछ मिट्टी डंपर प्राइवेट में गिराई जा रही हैं। मिट्टी खनन कर मिट्टी बाहर महंगे दामों बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो व तहसीलदार स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है,आखिर इन ठेकेदारों पर कब कार्यवाही होगी। वहीं सूत्रों की माने तो, सैरपुर थाना क्षेत्र में आई आई एम रोड के पास व हनुमान टेकरी के पास भी अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से किया जाता है। लेकिन स्थानीय हल्का दरोगा व सिपाही इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। वहीं स्थानीय सूत्रों की माने तो,

## परिवारिक विवाद के चलते घर के बाहर घात लगाए बैठे जेठ-जेठानी ने महिला सहित बच्चों को पीटा, जेठ-जेठानी समेत छह पर केस दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**आलमबाग,** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते एक सप्ताह पूर्व परिवारिक विवाद के चलते घर के बाहर घात लगाए बैठे जेठ-जेठानी ने महिला सहित उसके बच्चों की जमकर पिटाई कर दी। वहीं स्थानीय पुलिस ने पीड़िता की नामजद शिकायत पर घटना के एक सप्ताह बाद पीड़िता के जेठ जेठानी सहित छह पर मारपीट धमकी की धारा में केस दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित हरिओम नगर निवासी पूजा पत्नी सुनील कुमार के अनुसार बीते 17 अप्रैल की शाम वह अपने बच्चों को ट्यूशन से लेकर घर लौट रही थी। उस दौरान घर के बाहर पहले से घात लगाए बैठे हरिओम नगर निवासी उसके जेठानी रामाकांती, जेठ कमल प्रसाद थारू, उनकी पुत्रियां आरती व पूजा तथा पुत्र अभिषेक कुमार थारू और आकाश कुमार थारू उसका रास्ता रोक गाली गलौज करते हुए लात-घूंसे, थप्पड़ों और डंडों से हमलावर हो उसके बाल पकड़कर जमीन पर पटक पिटाई करने के साथ बीच बचाव करने पर बच्चों को आरोपियों ने बेरहमी से पीट जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। वहीं पीड़िता का कहना था उक्त मारपीट के दौरान पीड़िता सहित उसके बच्चे घायल अवस्था में पड़े रहे। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा तो हुए, लेकिन आरोपियों के डर के कारण कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। पीड़िता ने किसी तरह पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी चोटिल अवस्था में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां से उपचार कराने के बाद उसने स्थानीय कृष्णा नगर में अपने जेठ जेठानी समेत छह अन्य लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत की है।

# नन्हे कदमों का भव्य स्वागत: पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में मना प्रवेश उत्सव

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गोमतीनगर में कक्षा प्रथम के नव प्रवेशित बच्चों के लिए ह्यप्रवेश उत्सवह्ण का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री संजीव अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ उप-प्राचार्या श्रीमती संगीता सक्सेना एवं प्रधानाध्यापक श्री दिनेश निखार भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य व शिक्षकों ने कक्षा प्रथम में प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा से स्वागत किया। बच्चों को चॉकलेट व टॉफी देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। विद्यालय परिसर को गुब्बारों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था।

इस अवसर पर प्राचार्य संजीव अग्रवाल ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा,



ह्लबच्चे देश का भविष्य हैं। पीएम श्री योजना के तहत हमारा लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार देना है। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक सुविधाएं और खेल-कूद की गतिविधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।ह्व उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील भी की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य और कविता पाठ प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। नन्हे बच्चों ने तितली और फूल बनकर कविताएं सुनाईं, जिसे देखकर सभी अभिभावक भाव-विभोर हो गए। नव प्रवेशित बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की। अभिभावक रमेश गुप्ता ने कहा, ह्लइस तरह के आयोजन से बच्चे स्कूल से जल्दी जुड़ते हैं और उनका डर खत्म होता है। तो वही नए स्कूल को पकड़ नव निहालों के चेहरे भी खिले उठे।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत मोहनलालगंज में शिकायतें दम तोड़ती रहीं, पानी बहता रहा—प्रशासन बना मूकदर्शक

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ (मोहनलालगंज)।** एक तरफ सरकार जल बचाओ अभियान चला रही है, लोगों को पानी की एक-एक बूंद की कीमत समझाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत मोहनलालगंज के वार्ड नंबर 1 में जिम्मेदारों ने मानो जल बहाओ अभियान का ठेका ले रखा है।

ग्राम गौरा के भाटनखेड़ा में पानी टंकी की पाइप लाइन कई महीनों से टूटी पड़ी है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। पाइप से निकलता पानी सड़कों को तालाब बना चुका है, और सड़क अब सड़क कम, गड्ढों और कीचड़ का अखाड़ा ज्यादा नजर आती है।

घर सूखे, सड़कें तर – यही है यहां का हाल

विडंबना देखिए, जहां सड़क पर पानी की नदियां बह रही हैं, वहीं ग्रामीणों के घरों की टोटियां सूखी पड़ी हैं। लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। यानी सरकार के दावे और जमीनी हकीकत में जमीन-



आसमान का फर्क साफ दिख रहा है।

शिकायतें भी हुईं सूखी

ग्रामीणों का कहना है कि नगर पंचायत कार्यालय में कई बार शिकायत की गई, अखबारों और सोशल मीडिया के जरिए भी मामला उठाया गया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। लगता है जैसे पाइप की मरम्मत से ज्यादा जरूरी खामोशी बनाए रखना हो।

कीचड़, फिसलन और खतरा

लगातार जलभराव से सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। कीचड़ और फिसलन के चलते राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन शायद किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है।

एक ओर पानी बचाने के लिए अभियान, दूसरी ओर खुलेआम पानी की बबार्दी—यह विरोधाभास नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## बीकेटी के पहाड़पुर प्राथमिक विद्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण, स्कूल की दीवारों से छुटता प्लास्टर

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा पहाड़पुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर का बीकेटी विधानसभा भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला को प्राथमिक विद्यालय परिसर में काफी खामियां देखने को मिली, जहां एक और दीवारों से प्लास्टर छुट्टा रहा था, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए असुविधाएं दिखाई दी। वहीं विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं,स्वच्छता, शिक्षण व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही कुछ स्थानीय लोगों ने स्कूल में टीचरों पर सही से ना पढ़ने और मोबाइल फोन में व्यस्त रहने की शिकायत की। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।



# बीकेटी बाजार में अधिकतर खराब पड़े वाटर एटीएम

### भीषण गर्मी में लोग ट्यूबवेल से ला रहे पीने का पानी, अधिकारी अनजान

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ जिले अन्य क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बीकेटी नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। यहां लगाए गए अधिकांश वाटर एटीएम और वाटर कूलर खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बख्शी का तालाब की बड़ी बाजार में हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि उन्हें या तो पानी की बोतलें खरीदनी पड़ती हैं या घर से पानी लाना पड़ता है। बाजार का मुख्य वाटर कूलर खराब है, जबकि नगर पंचायत के सामने वाला वाटर कूलर व्यापारियों के लिए दूर पड़ता है। बाजार में लगे नलों से भी गंदा और बदबूदार पानी आता है, जो पीने योग्य नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने के लिए लाखों रुपये की लागत से लगाए गए कई वाटर एटीएम में पानी की टोंटी गायब है और वायर कनेक्शन खराब हैं और बिजली की आपूर्ति भी बाधित है। इन वाटर कूलरों की जर्जर हालत नगर पंचायत की देखरेख में लापरवाही को दशार्ती है। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष वेद रत्न सिंह ने बताया कि पेयजल की व्यवस्था बहुत खराब है। उन्होंने कहा, "यहां हर हफ्ते हजारों लोग आते हैं और पानी की भारी किल्लत है। यह वाटर एटीएम पिछले वर्ष अरुण सिंह गप्पू द्वारा लगवाया गया था, जो अब खराब हो चुका है और अभी तक सही नहीं करवाया गया है।" उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय लोग ट्यूबवेल से पानी भरकर पीने को मजबूर हैं क्योंकि नलों का पानी बदबूदार आता है। एक व्यापारी ने बताया कि पानी की बहुत दिक्कत है पानी के लिए एटीएम बने थे, वो सभी खराब पड़े है आमआदमी खरीदकर पानी पीने को मजबूर है, प्रशासन से मांग की है पानी की व्यवस्था की जाए। वहीं बीकेटी अधिशाषी अधिकारी शैलेश पांडे के दावे फेल नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोग प्यास के लिए पैसा लगाकर पानी खरीद रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे कि आम जनता परेशान रहती है।

## एक नजर

### गौ सम्मान आवाहन अभियान के दूसरे चरण की तैयारी शुरू

**आसफपुर (बदायूँ)।** गौ संरक्षण और गौ सम्मान को लेकर चलाए जा रहे "गौ सम्मान आवाहन" अभियान ने अब व्यापक रूप लेना शुरू कर दिया है। अभियान को पूज्य साधु-संतों के मार्गदर्शन में चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत गौवंश संरक्षण, निराश्रित गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान और सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत 27 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजे गए। इसमें गौवंश की सुरक्षा, गोशालाओं की व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं की समस्या का समाधान कराने समेत कई मांगें उठाई गईं। अभियान के दूसरे चरण में आगामी 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसे लेकर बिसौली क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गौ भक्तों की टीम गांव-गांव और शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों से संपर्क कर अभियान को मजबूत करने में जुटी हुई है।

# देश का पहला जैविक व दूसरा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र

## बासमती और जैविक खेती से अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेंगे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा जैविक प्रशिक्षण केंद्र की औपचारिक रूप प्रक्रिया शुरु करते हुए।

**पीलीभीत।** जिले को कृषि क्षेत्र में एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी में जिले में देश का दूसरा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा देश का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म स्थापित किए जाने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राज्य कृषि फार्म, टांडा बिजेसी (पीलीभीत-खटीमा मार्ग) पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशिक्षण केंद्र और डेमो फार्म का निर्माण किया जाएगा। लीज डीड हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, साथ ही संबंधित एमओयू भी हस्तांतरित कर दिया गया है, जिससे अब निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना को एपीडा द्वारा विकसित किया जाएगा। केंद्र में किसानों को बासमती धान की उन्नत किस्मों, आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, फसल प्रबंधन, निर्यात गुणवत्ता मानकों और बाजार से जुड़ी जानकारी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रदर्शन फार्म के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों का व्यवहारिक ज्ञान भी कराया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस केंद्र के स्थापित होने से पीलीभीत और आसपास के जिलों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। बासमती उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिलेगी। प्रशासन का कहना है कि यह परियोजना कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को खेती की ओर आकर्षित करने में भी सहायक होगी। निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है और इसके पूरा होने के बाद यह केंद्र किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण हब के रूप में विकसित होगा।

## पंचायतों में लाखों खर्च, फिर भी अंधेरे में गांव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लाखों की लागत से ग्राम पंचायतों में लगाई गईं लाइटें का कोई पुरसाहाल नहीं है। देखरेख के अभाव में अधिकांश लाइट ठप पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को रोशन करने के लिए लाखों रुपए की लागत से खंभों पर लाइटें लगवाईं गईं है। जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रहना न पड़े। लेकिन देखरेख के अभाव में लगाई गई लाइटें ग्रामीणों के लिए महज शोपीस बनी हुई है। ग्राम पंचायतों में लगाई गई लाइटें काफी तादाद में खराब पड़ी हुई हैं। इसके चलते ग्रामीणों को अंधेरे से गुजरना पड़ रहा है। लाखों रुपये खर्च होने के वावजूद पंचायतें अंधेरे में डूबी हैं। लाइट खराब होने का फायदा उठाकर चोर उचक्के भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान अपने चहेतों के दरवाजों पर लगाई गई लाइटों को सही करा देते हैं। लेकिन अन्य खराब पड़ी लाइटों की ओर कोई ध्यान नहीं देता है।

## हेमराज वर्मा का आरोप: किसान ललित वर्मा पर झूठा मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय


किसान पर मुकदमे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पूर्व राज्य मंत्री हेमराज वर्मा।

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत में किसान ललित वर्मा पर दर्ज मुकदमे को लेकर सियासत तेज हो गई है। जागरण मोर्चा के बैनर तले रामा होटल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए।

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि किसान ललित वर्मा के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि किसान के घर पर डीजल से भरा एक ड्रम रखा था, जो आमतौर पर किसानों द्वारा अपनी जरूरत के अनुसार रखा जाता है। किसान द्वारा इसकी रसीदें भी प्रस्तुत की गईं, बावजूद इसके प्रशासन एवं जिला पूर्ति निरीक्षक द्वारा ड्रम को जब्त कर लिया गया और उसके खिलाफ 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया। हेमराज वर्मा ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने किसान से जबरन बयान भी दर्ज कराए हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश एवं जनपद के किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि किसानों का गेहूं सरकारी दरों पर नहीं खरीदा जा रहा है, बल्कि कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है। सरकारी खरीद व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की। किसान ललित वर्मा ने भी प्रशासन पर दबाव बनाकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

## डीएम ने साइकिल देकर एनएमएमएस जिला टॉपर अनुज को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय


छात्रों को साइकिल सहित अन्य पुरस्कार देते हुए जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला टॉपर अनुज कुमार, पुत्र धर्मेंद्र कुमार, छात्र पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कैंच, विकास क्षेत्र मरौरी को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साइकिल एवं अन्य उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम 27 अप्रैल 2026 को आयोजित हुआ, जिसमें जनपद के कुल 157 चयनित विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस मौके पर उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही जनपद के मार्गदर्शकों एवं राज्य स्तरीय मेंटर्स को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गांव में तेंदुए और बाघ की दहशत से ग्रामीण सतर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नर्सरी व पुरानी डोल की ग्रामीणों ने शुरू की सफाई**

**पूरनपुर।** क्षेत्र के मुरेनिया गांधी नगर में तेंदुए और बाघ की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जंगली जानवरों की गतिविधियों की चर्चा तेज होने के बाद लोगों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

ग्रामीणों ने सुरक्षा के मद्देनजर गांव के आसपास स्थित नर्सरी और पुरानी डोल (झाड़-झंखाड़ वाले क्षेत्रों) की सफाई अभियान शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि घने झाड़ियों और सुनसान जगहों में जंगली जानवरों के छिपने की संभावना अधिक रहती है। जिससे खतरा बढ़ जाता है। सफाई से ऐसे स्थान खुले हो जाएंगे और किसी भी गतिविधि पर नजर रखना आसान होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही वे घरों में ही रहने लगे हैं और बच्चों को अकेले बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। वहीं, मवेशियों की देखभाल में भी विशेष सावधानी बरती जा रही है। सूचना मिलने पर वन विभाग भी सतर्क हो गया है। विभागीय टीम क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी जंगली जानवर की जानकारी तुरंत विभाग को दें और अफवाहों से बचें। ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग की निगरानी से क्षेत्र में संभावित खतरे को टालने का प्रयास किया जा रहा है।

## 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाने की मांग


जागरण मोर्चा कार्यालय


अपनी मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय हनुमान दल के लोग।

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय हनुमान दल, जिला पीलीभीत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांधी स्टेडियम में 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पीलीभीत नगर ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों से समृद्ध है। यहां रोहेला सरदार हाफिज रहमत खां द्वारा निर्मित जामा मस्जिद, श्री गौरी शंकर मंदिर, प्राचीन गुरुद्वारा, गोमती उद्गम स्थल, टाइगर रिजर्व एवं चूका स्पॉट जैसे प्रमुख स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। वहीं गांधी स्टेडियम खेल प्रेमियों के लिए प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि गांधी स्टेडियम में 100 फीट ऊंचा तिरंगा स्थापित किया जाए, जिससे खिलाड़ियों और युवाओं में देशभक्ति की भावना और अधिक मजबूत हो सके। साथ ही इससे बाहरी पर्यटकों, विशेषकर नेपाल व अन्य क्षेत्रों से आने वाले लोगों के बीच भी राष्ट्रीय गौरव का संदेश जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय हनुमान दल के अध्यक्ष अमित गुप्ता, संरक्षक जगदीश सक्सेना, स्वतंत्र देवल, जिला प्रवक्ता रामानुज बस्ती, जिला महामंत्री संगठन संतोष मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष राहुल गजवानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में गांधी स्टेडियम में भव्य राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने की मांग दोहराई और इसे जनभावनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया।

## भीषण गर्मी और लू से बचाव को प्रशासन की एडवाइजरी जारी



प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी।

*पीलीभीत। जिले में बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। नागरिकों से दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की गई है। निर्देशों में कहा गया है कि धूप में निकलते समय सिर ढककर रखें, पर्याप्त पानी पिएं और हल्के सूती कपड़े पहनें। बच्चों और पालतू जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ने की सलाह भी दी गई है। लू के लक्षण जैसे तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, सिरदर्द या बेहोशी दिखने पर तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। प्रशासन ने खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है और मौसम विभाग की चेतावनियों पर ध्यान देने को कहा है।*

## शादी में आए युवक पर लोहे की राड से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना घुंघचाई के गांव सिकरहाना निवासी कपिल कुमार पर उसकी साली की शादी के दौरान जानलेवा हमला हुआ। आरोप है कि सिरसा रोड स्थित एक पैलेस में आयोजित समारोह में खमरिया पट्टी निवासी एक युवक और उसके साथियों ने बारातियों को गालियां दीं। विरोध करने पर हमलावरों ने कपिल की गर्दन दबाई और लोहे की रॉड मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। वारदात से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच और कार्रवाई में जुटी है।

## डीएम ने परखा ईवीएम वेयरहाउस सुरक्षा व सफाई का लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय


ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते हुए डीएम। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरण, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान इन्द्रेश चौहान, नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, अमित पाठक एडवोकेट समाजवादी पार्टी, हेमन्त मिश्रा एडवोकेट राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता, लोकेश गौतम एडवोकेट जिला संयोजक/जिला प्रवक्ता, बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## पावर कट का 'टॉर्चर', पारा 40 के पार, व्यवस्था हुई लाचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगर से लेकर देहात तक लगातार हो रही बिजली कटौती**

**पूरनपुर।** जंहा एक तरफ गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तो वंही बिजली की अघोषित कटौती भी शुरू हो गई है। बिजली काटौती से नगर से लेकर देहात क्षेत्र में उपभोक्ता बहेद परेशान हैं।

इस बार अप्रैल में ही गर्मी ने अपने तेवर तेज कर दिए है। तो वंही बिजली ने आंख मिचौली शुरू कर दी है। नगर और देहात क्षेत्र के तमाम बिजली उपकेन्द्रों से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे उपभोक्ता बहेद परेशान हो रहे हैं। नगर और देहात क्षेत्र में शेडयूल के मुताबिक बिजली सप्लाई नही मिल रही है। नाम मात्र की ही बिजली दी जा रही है। उसमे भी जमकर कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी में इनवर्टर जबाब दे रहे हैं। बिजली कई कई घंटे गायब रहती है। रात में बिजली ना मिलने से उपभोक्ताओं को पूरी रात जाग कर काटनी पड रही है। बिजली काटौती से चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। नगरों में तो हालात बहेद खराब हैं फिर भी नगरों में तो जनरेटर से काम चल जाता है। लेकिन देहात में तो जनरेटर भी सहारा नही हैं। इससे हाल बेहाल हैं। बिजली ना मिलने से हाथ के पंखों का सहारा लेना पड रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती की समस्या को लेकर बिजली बिभाग के अधिकारियों को पत्र दिए। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते कोई सुधार नही हो रहा है।

**शुभारंभ** | भाजपा विधायक पुत्र ने फीता काटकर किया शुभारंभ

## डा .बी .आर अंबेडकर के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु

जागरण मोर्चा कार्यालय


क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते विधायक पुत्र। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू कर दिया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक बाबू राम पासवान के पुत्र रितुराज पासबान ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, युवा खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैदान पर जाकर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल युवाओं को अनुशासन, परिश्रम, संघर्ष और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे और गलत गतिविधियों से दूर रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन अच्छा प्रदर्शन और अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है और आने वाले दिनों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन मैच के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मैदान पर मौजूद रही और खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया गया।

## पिटाई कर युवक का कर लिया अपहरण, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय


अपहरण का खुलासा कर पुलिस ने जेल भेजा। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई पुलिस ने खुलासा कर आरोपियों को भेजा जेल**

**पूरनपुर।** महिला को फोन पर मैसेज कर परेशान करने पर महिला के परिजनों ने युवक का अपहरण कर खुटार ले गए। सूचना पर पुलिस ने घटना के तीन घंटे बाद ही युवक को छुडा लिया। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है।

मामला घुंघचाई क्षेत्र दंदौल कालौनी का है। यंहा के रहने वाले एक युवक ने खुटार थाना क्षेत्र की एक महिला के फोन पर मैसेज कर परेशान करता है। महिला ने इसकी जानकारी परिवार को दी। सोमवार को महिला के परिवार के लोगों ने घुंघचाई क्षेत्र के गांव दंदौल कालौनी निवासी फोन करने वाले नरवैल सिंह को घुंघचाई दियूरियाकला रोड पर एक ईंट भठ्ठे के पास इंजन का सामान आने की बात कहकर उसको बुला लिया। नरवैल सिंह अपने साथी रंजीत सिंह के साथ मौके पर पहुंचा।इसके बाद कार सवार लोगों ने नरवैल सिंह को मारपीट कर धार कार में उसको डालकर अपहरण कर ले गए। नरवैल सिंह की मां रंजीत कौर ने इसकी सूचना घुंघचाई पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस को सर्विलेंस के युवक की लोकेशन खुटार में मिली। इस पर घुंघचाई पुलिस ने तीन घंटे के अंदर ही खुटार पहुंच कर युवक को वरामद कर धार कार सहित दो आरोपियों को पकड लिया। पकडे गए आरोपियों ने अपना नाम अमरजीत सिंह निवासी ग्राम खजुरिया थाना खुटार जिला शाहजहांपुर बताया। दूसरे आरोपी ने अपना नाम गोरा गिल निवासी मलिका थाना खुटार वताया। पुलिस ने जब पूछताछ की तो सामने आया कि अमरजीत सिंह की बहन रणजीत कौर ने खुटार में बुटीक सेंटर खोला है।जिसके बैनर खुटार के अलावा अन्य कस्बो में लगाए थे।इसके बाद सोशल मीडिया स्ट्राग्राम पर अपलोड कर दिए थे। जिस पर नरवैल सिंह को महिला का मोवाइल नम्बर मिल गया था। जिससे वह महिला को परेशान करने लगा था। महिला ने जानकारी परिवार को बताई थी। इससे नाराज होकर महिला के परिजन नरवैल सिंह को मारपीट कर अपने साथ ले गए थे। पुलिस ने खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा है।

एक नजर

### युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली पुलिस ने युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।शनिवार सुबह थाना सिंधौली क्षेत्र के कस्बा में रहने वाले बंधुलाल की 19 वर्षीय पुत्री मधु ने बिजली के खम्बे पर चढ़कर तार पकड़ लिया था। जिसके करंट से मधु की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव मूड़ा हारिस निवासी शान मोहम्मद और मुड़िया मोड़ निवासी पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त शान मोहम्मद का वादी बंधुलाल के घर पर आना-जाना था, जिससे वादी की पुत्री से उसका प्रेम-प्रसंग चलने लगा। जानकारी मिलने पर परिजनों ने विरोध किया और वर्ष-2025 में सामूहिक विवाह योजना के तहत मधु का विवाह करा दिया, लेकिन शादी के बाद मधु अपनी ससुराल नहीं गई। इसी दौरान पुनः आरोपी शान से मधु का संपर्क हो गया, आरोपी ने मधु से शादी करने का दबाव बनाया। जिसके चलते मधु ने आत्महत्या कर ली। आज पुलिस ने सिंधौली रोड से अभियुक्त शान मोहम्मद को गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# समरसेबल से निकल रहे डीजल जैसी गंध वाले तरल ने लोगों की बढ़ाई हलचल

## सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच कर सैंपल लैब को भेजे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूं)।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा दास में एक घर के पुराने समरसेबल से डीजल जैसी गंध वाले तरल निकलने के दावे ने पूरे क्षेत्र में खलबली मचा दी है। मामला सामने आने के बाद गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से चर्चा तेज हो गई।मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद उपजिलाधिकारी बिसौली के निर्देश पर टीम गांव पहुंची। जांच के बाद तरल के नमूने लैब भेज दिए गए हैं।

गांव निवासी अतुल ठाकुर ने बताया कि उनके घर पर काफी समय से समर सेबल लगा हुआ है। पिछले दिनों जब समरसेबल चलाया,तो निकल रहे पानी में तेज गंध महसूस हुई।शुरुआत में परिवार के लोगों ने इसे सामान्य माना, लेकिन बाद में पानी में लगातार डीजल जैसी गंध आने लगी।उनका कहना है कि करीब 70 फीट की गहराई पर अधिक मात्रा में यह तरल निकल रहा है। 80 फीट पर इसकी मात्रा कम बताई जा रही है। पानी में झाग बनने की बात भी सामने आई है।अतुल ठाकुर ने जब इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी,तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई।देखते ही देखते उनके घर के बाहर लोगों का जमावड़ा लग गया। आसपास के गांवों से भी लोग इस अनोखे मामले को देखने पहुंचने लगे। कई लोगों ने मौके के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जिसके बाद यह मामला तेजी से वायरल हो गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी बिसौली श्री साईं आश्रित साखमुरी ने जांच के निर्देश दिए। मंगलवार को उनके आदेश पर गांव पहुंची टीम में नायब तहसीलदार बिसौली आनंद रॉय, आपूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार, जिला स्तरीय ऑयल निरीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा क्षेत्र के तीन पेट्रोल पंप संचालकों को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि तकनीकी तौर पर भी स्थिति को समझा जा सके।


गांव में पहुंचकर नमूने लेती टीम। -जागरण मोर्चा


गांव में मौके पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

### मौके पर पहुंची टीम

पुराने समरसेबल से डीजल जैसी गंध वाले तरल पदार्थ के निकलने के दावे ने पूरे क्षेत्र में खलबली मचा दी। कुछ ही देर में यह खबर आग की तरह अधिकारियों के पास पहुंच गई। उसके बाद जांच टीम ने मौके पर समरसेबल चलवाकर निकल रहे तरल का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने तरल के नमूने भरकर सील किए और उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। पूरे दिन गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही।

मामला संज्ञान में आने के बाद तत्काल टीम भेजकर जांच कराई गई है। तरल पदार्थ के नमूने जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि समरसेबल से निकल रहा पदार्थ आखिर क्या है। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

-उपजिलाधिकारी बिसौली श्री साईं आश्रित साखमुरी


मौके पर जांच करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

# पत्नी की फावड़ा से गला काटकर निर्मम हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना मिर्जापुर क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की फावड़ा से गला काटकर हत्या कर दी।मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति की तलाश में जुटी है।

थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव भौती निवासी छत्रपाल का आएदिन अपनी 50 वर्षीय पत्नी सोमवती से किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। मंगलवार दोपहर पत्नी सोमवती घर के अंदर बरामदे पर जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान उसका पति छत्रपाल आया और उसने फावड़ा से अपनी पत्नी सोमवती के गले पर कई ताबड़तोड़ प्रहार किए। जिससे सोमवती की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति मौके से भाग गया। सोमवती की मौत पर उसकी चार बेटियां और दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि आरोपी की तलाश में टीम लगा दी गई है। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# बिलसंडा में उर्वरक व्यापारी की पत्नी का निधन, बंद रहा बाजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** गंभीर बीमारी के चलते नगर के प्रमुख उर्वरक व्यापारी राजाराम जायसवाल की पत्नी ऊषा जायसवाल का बरेली के अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष की थीं और अपने पीछे पुत्र विकेश,योगेश पुत्री पूनम, सारिका, मीनाक्षी, बहु आरती एवं बीना सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।


ऊषा जायसवाल: फाइल फोटो।

पिछले माह उन्हें कमर दर्द एवं शरीर का कुछ हिस्सा सुन्न होने पर दिल्ली ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने कैंसर की पुष्टि की।काफी इलाज के बाद उन्हें कोई फायदा नहीं मिला,तो परिजन घर ले आए।तकलीफ बढ़ने पर उन्हें बरेली भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।उनके निधन पर क्षेत्र भर में शोक की लहर दौड़ गई।तमाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे। भाजपा विधायक विवेक वर्मा,भाजपा नेता डा.रत्नेश गंगवार सहित तमाम लोग दुख प्रकट करने उनके घर पहुंचे,रोते बिलखते परिवार को ढांढस बंधाया।

नगर के श्मशान भूमि पर दोपहर को हुई उनकी अंत्येष्टि में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,अध्यक्ष संजीव मौर्य,विक्रम गंगवार, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल,अधिवक्ता आशीष सक्सेना, नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, भृगुराज सिंह, उप्र.व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, पेट्रोलियम व्यापारी विक्रम नरेश जायसवाल,आलोक जायसवाल, अजय जायसवाल, अनिल सक्सेना, कुंवर महीप सिंह, प्रधान राजेश सिंह,अमित जायसवाल, वैभव सक्सेना, राजेश पंजा, अरविंद अवस्थी, प्रमोद गौतम, वरूण जायसवाल, दलजीत सिंह राजू, रामेंद्र गोस्वामी, सतनाम सिंह, सभासद सुमित गुप्ता, सुनील शुक्ला, सुधांशु पाराशर, असलम खान बिट्टू, प्रधान मंजीत सिंह शामिल हुए। देर सायं विधायक विवेक वर्मा, डा.रत्नेश गंगवार ने भी उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

### अंत्येष्टि से पहले पति ने निभाईं रस्में तो छलक पड़े आंसू

**बिलसंडा।** कहावत है,कि ईश्वर की मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता, लेकिन कभी कभी अपनों के जाने का ऐसा गम मिलता है, जिसकी भरपाई ताउम्र नहीं हो सकती।यही वाक्या कल यहां देखने को मिला। बताते हैं उर्वरक व्यापारी राजाराम जायसवाल पिछले वर्ष से कई गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में हैं, बरेली से उनका इलाज भी चल रहा है। किसी को क्या पता था कि उनसे पहले ही उनकी पत्नी उनका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह देंगी। होली के बाद अचानक उनकी तबियत बिगड़ी, और डेढ़ माह में ही हंसता खेलता परिवार ताश के पत्तों की तरह बिगड़ गया। उनका बड़ा बेटा विकेश जायसवाल नगर पंचायत में सभासद है,तो छोटा बेटा योगेश उर्फ बंटू खाद सीमेंट का व्यापारी। लेकिन बीमार माता पिता को एक साथ बिस्तर पर लेटा देख भला कौन दुखी नहीं होगा। दिल्ली लखनऊ के अलावा हिमाचल के धर्मशाला के डाक्टरों से भी परामर्श कर बेटों ने मां को बचाने की हर संभव कोशिश की, पर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। बरेली में मौत के वक्त उनके बीमार पति राजाराम टीवी पर समाचार देख रहे थे,जैसे ही उन्हें यह खबर मिली, तो मानो बदहवास हो गए। तमाम लोगों ने उन्हें ढांढस बंधाया,आखिर में वह यही बोले, की पत्नी ने मुझसे पहले बाजी मार ली,यह बात ठीक नहीं,जाना तो पहले मुझे था। अंत्येष्टि से पहले जब बमुश्किल उन्हें शव के पास लाया गया तब उनके भी ऑक्सीजन चढ़ रही थी।जैसे ही उन्होंने पति के नाते कुछ जरूरी रस्में निभाईं तो हर किसी के आंसू छलक पड़े।

# जनगणना प्रशिक्षणः लापरवाही पर डीएम सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं समझ के स्तर का जायजा लिया।

डीएम ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को अधिक व्यवहारिक, स्पष्ट एवं विस्तृत बनाया जाए, ताकि सभी कार्मिक विषय-वस्तु को भली-भांति समझ सकें और फील्ड में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं जैसे भोजन, पेयजल आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु प्रशिक्षण को गंभीरता और गहनता से लें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि जो कर्मचारी प्रशिक्षण अथवा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरत रहे हैं या अनावश्यक रूप से अपनी ड्यूटी कटवाने का प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ जनगणना अधिनियम 1948 के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे कर्मचारियों का पंजीकरण कराते हुए विधिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी।


कर्मचारियों से वार्तालाप करते डीएम। -जागरण मोर्चा

# संकुल संघ प्रशिक्षण का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूं)।** दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मॉडल संकुल स्तरीय संघ के Annual Action Plan (एएपी) विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के शक्ति सीएलएफ की 28 महिला सदस्य प्रतिभाग कर रही हैं। प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार और प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी हरीश उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में महिलाओं को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने, समूह संचालन, वित्तीय प्रबंधन और आजीविका बढ़ाने से संबंधित जानकारी दी जा रही है। मुख्य प्रशिक्षिका उमंग तोमर एवं रेखा प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दे रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए तैयार करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला।



वार्षिक कार्य योजना का प्रशिक्षण का शुभारंभ करते प्राचार्य अनुज कुमार।

# डीएम ने टॉपर्स को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने आवास पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने विद्यार्थियों के करियर लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को नियमित पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाने, अंग्रेजी भाषा सीखने और समाचार पत्र पढ़ने की सलाह दी। डीएम ने शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिले के 165 गांवों में पुस्तकालय स्थापना की जानकारी दी और डीआईओएस को छात्रों हेतु उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# लेने आजा खाटू वाले रिंगस के उस मोड़ पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर के रामलीला मैदान पर श्रीश्याम खाटू मंडल कमेटी के तत्वाधान में सोमवार रात्रि को खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कानपुर, मुरादाबाद एवं वृंदावन से आए कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरी रात समां बांधे रखा। बाबा की भक्ति में सराबोर श्रद्धालु पंडाल में झूमते नजर आए।

रात्रि आठ बजे बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, चेयरमैन डीके गुप्ता, डा.रत्नेश गंगवार, अनीता गुप्ता, सुमित गुप्ता ने यजमान के रूप में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मुरादाबाद के प्रिंस म्यूजिकल ग्रुप पर दिल्ली से पहुंचे भजन गायक ऋतिक गुप्ता व कानपुर की शर्मा सिस्टर रात्रि दस बजे स्टेज पर पहुंचीं और जैसे ही माइक थामा तो भीड़ बेकाबू हो गई। उनका भजन के साथ नृत्य करने का अंदाज लोगों को खूब भाया। उन्होंने कीर्तन करा लो श्याम इतिहास बना दूंगा..हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है..तीन बाणधारी, तीनों बाण चलाओ..भजन प्रस्तुत किए। भव्य दरबार में सुगंधित फूलों से सजे बाबा का अलौकिक रूप देखने को भक्त लालायित दिखे। छप्पन भोग लगाकर कार्यक्रम में इत्र की वर्षा हुई। फूल और गुलाब की होली भी खेली गई। बरेली की पूजा बाबरी ने रात्रि 12 बजे बजरंग बली की आराधना और हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा..ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, आ गया में दुनियादारी सारी छोड़ के लेने आ जा खाटू वाले रिंगस के मोड़ पे आदि भजन गाए। अन्य कलाकारों ने भी बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया।

व्यवस्था में रजत श्याम,अभय श्याम, रोहित श्याम गुप्ता, शिवांशु राठौर, करन सक्सेना, आदित्य गुप्ता, ओम अग्रवाल, अनूप गुप्ता, तुषार जायसवाल, रजत राठौर, शिखर जायसवाल, रवि जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, कुणाल गुप्ता, मनोज जायसवाल, विनय मिश्रा, सीपू गुप्ता, ऋषभ वर्मा, सौरभ गौरव गुप्ता, बृजगोपाल मिश्रा, आदित्य, विकास, अभिनव, अंशुल, रवि, अमन, अविरल, करन, प्रथम गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बाबा खाटू श्याम संकीर्तन कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते हुए चेयरमैन डीके गुप्ता।

आरोप — जनगणना ड्यूटी आवंटन में नियमों की अनदेखी का जिम्मेदारों पर लग रहा आरोप

# कलीनगर तहसील में लगा दी पूरनपुर तहसील के शिक्षकों की ड्यूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जनगणना शुरू होने से पहले ही तहसील प्रशासन व शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जनगणना में ड्यूटी आवंटित करने के नियमों की अनदेखी कर खेल हो रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा पूरनपुर तहसील क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगा दी है। ऐसे में शिक्षक परेशान हैं। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारी को पत्र देकर स्थानीय क्षेत्र में ही जनगणना ड्यूटी लगवाने की मांग की है।

तहसील प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। सात से 21 मई तक लोग स्वयं जनगणना करेंगे फिर 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे जो सुपरवाइजरों की निगरानी में होगा। जनगणना में बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज 29 अप्रैल को प्रशिक्षण के चौथे चरण का अंतिम दिन है। हालांकि जनगणना ड्यूटी आवंटित होने के बाद से शिक्षक परेशान हैं। आरोप है कि ड्यूटी आवंटित करने में खेल किया गया। नियमों को दरकिनार कर ड्यूटी लगाई गईं। शिक्षकों का कहना है कि कार्यक्षेत्र से बाहर कई किमी. दूर अन्य क्षेत्र में जनगणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में उनको परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्कूलों में शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। उन्होंने ड्यूटी आवंटन में पारदर्शिता न होने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में बीआरसी क्षेत्र की न्याय पंचायत रंपुरा फकीरे के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि न्याय पंचायत रंपुरा फकीरे पूरनपुर तहसील में है। जबकि इस न्याय पंचायत के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में प्रगणक एवं सुपरवाइजर के पद पर कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगा दी गई है। शिक्षकों ने न्याय पंचायत क्षेत्र में ही जनगणना ड्यूटी दिलाने की मांग की गई है। पत्र देने वालों में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय रंपुरा फकीरे, महादिया, बेगपुर, प्रसादपुर के शिक्षक रईस अहमद अंसारी, अभिषेक कुमार सिंह, प्रवेश कुमार शर्मा, महेश कुमार कुशवाहा, सतेंद्र कुमार, वजाहत मियां, शिवम गुप्ता, अनुदेशक रजनी सिंह, कृपानंदन, शिक्षामित्र राधा देवी, भूपराम, रामऔतार आदि शामिल रहे।

### रंपुरा फकीरे न्याय पंचायत के परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने बीईओ से लगाई न्याय की गुहार

### शिक्षामित्रों ने भी बीईओ को बताई अपनी समस्या

बीआरसी क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने भी जनगणना ड्यूटी को लेकर अपनी समस्या के बारे में खंड शिक्षाधिकारी को अवगत कराया है। शिक्षामित्रों का कहना है कि जनगणना ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्र से नगर में लगा दी गई। ऐसे में दूर-दराज से शिक्षामित्रों को नगर में आना-जाना पड़ेगा। अगर उनकी ड्यूटी कार्यरत स्कूल के गांव में होती तो आसनी रहती। शिक्षामित्रों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पूरनपुर को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को दिया है। ज्ञापन देने वालों में राधाकृष्ण कुशवाहा, कंचन देवी, अंजुमन आरा, सुरेशचंद्र, अफजल खां, राधा देवी, कश्मीर कौर, जय देवी, नाहिद खं, कुसुम चक्रवर्ती, राजेश्वरी, उमाशंकर, अवधेश, रामसनेही आदि शामिल रहे।

# युवती को ले जाने में तीन पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री 22 अप्रैल को कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र में अपनी बहन के घर मेहमानी में आई थी। आरोप है कि 23 अप्रैल को फत्तेपुर खुर्द निवासी मोंटी उर्फ सत्यम अपने साथी गौरव और विकास गौतम की मदद से युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों के अनुसार, युवती घर में रखे सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, चांदी की पायल और दस हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गई है। सुबह युवती के गायब मिलने पर काफी तलाश की गई, लेकिन सुराग नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद, ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव पहाड़गंज में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) के अधिकांश समय बंद रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, उप स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे उन्हें इलाज व दवा के लिए करीब 8 किलोमीटर दूर बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल अक्सर बंद रहता है, जिससे खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कत होती है। कई बार आपात स्थिति में समय पर इलाज न मिलने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उप स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से संचालित कराने एवं आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उन्हें दूर-दराज न जाना पड़े।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद रहने से मायूस होकर लौट रहे मरीज।

# मैड्रिड ओपनः अस्वस्थ होने के बावजूद कोको गॉफ ने चौथे दौर में बनाई जगह



**काजा मैजिका।** मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अमेरिका की स्टार खिलाड़ी Coco Gauff ने शानदार जज्बा दिखाते हुए बीमारी के बावजूद चौथे दौर में जगह बना ली। मैच के दौरान असहज महसूस करने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद गॉफ ने हार नहीं मानी और मुकाबला जीत लिया। पिछले साल फाइनल तक पहुंचने वाली गॉफ ने के खिलाफ पहला सेट 4-6 से गंवा दिया था। लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए 7-5, 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के दौरान गॉफ को अचानक अस्वस्थता महसूस हुई और उन्होंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, जिससे वह कुछ समय के लिए परेशान नजर आईं।मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'जब मैने कोर्ट पर उल्टी की, तो मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था। मुझे ऐसा लगा जैसे मेरी सारी ऊर्जा खत्म हो गई हो।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मैच से हटना पसंद नहीं करती। जब तक मुझे लगता है कि मेरे पास खेलने का मौका है, मैं मैदान नहीं छोड़ती।' इससे पहले दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ीSwiatek भी अज्ञात बीमारी के कारण अपना मैच बीच में छोड़ने पर मजबूर हो गई थीं।

# शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर नेली कोर्डा बनीं दुनिया की नंबर-1 महिला गोल्फर



**टेक्सास।** अमेरिका की स्टार गोल्फर नेली कोर्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेवरोन चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही वह एक बार फिर महिला विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंच गई हैं।27 वर्षीय कोर्डा ने टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में 2 अंडर 70 का स्कोर बनाया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार खेल दिखाया और कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ पांच शॉट से जीत दर्ज की। इस जीत के दौरान कोर्डा ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया।यह कोर्डा के करियर का तीसरा मेजर खिताब है। इसके अलावा यह उनकी एलपीजीए टूर पर 17वीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21वीं जीत रही। उनका यह प्रदर्शन उनकी निरंतरता और बड़े टूर्नामेंट में दबाव संभालने की क्षमता को दर्शाता है।इस जीत के साथ कोर्डा अगस्त के बाद पहली बार महिला गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रही हैं। उनकी यह उपलब्धि उन्हें मौजूदा समय की सबसे बेहतरीन महिला गोल्फरों में एक बार फिर स्थापित करती है।कोर्डा ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी बढ़त को बरकरार रखा। खास बात यह रही कि कोई भी खिलाड़ी उनके स्कोर के करीब नहीं पहुंच सका, जिससे उनकी जीत एकतरफा नजर आई।

# स्पैनिश फुटबॉल में बवाल! गोलकीपर ने मुंह पर मारा मुक्का, मैदान में जमकर चले लात-घूंसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन की सेगुंडा डिविजन में रियल जारगोजा और एसडी ह्यूएस्का के बीच खेले गए मुकाबले में उस समय बड़ा बवाल मच गया जब गोलकीपर एस्तेबान आंद्रादा ने विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मार दिया। यह मैच पहले से ही रेलेगेशन की लड़ाई के कारण तनावपूर्ण था।

## रेड कार्ड के बाद बढ़ा विवाद

मैच के इंजरी टाइम में आंद्रादा को दूसरे पीले कार्ड के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने ह्यूएस्का के एक खिलाड़ी को धक्का दिया था, जिसके बाद रेफरी ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। लेकिन इसके बाद मामला और बिगड़ गया। रेड कार्ड मिलने के कुछ ही पलों बाद आंद्रादा ने दौड़कर जॉर्जे पुलिदो के चेहरे पर मुक्का जड़ दिया।



## मैदान पर मारपीट, कई खिलाड़ी बाहर

इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और मैदान पूरी तरह से जंग का मैदान बन गया। इस दौरान दानी जिमिनेज और दानी तासेंदे को भी रेड कार्ड दिखाया गया। अरागोनीज डर्बी के नाम से मशहूर इस मुकाबले में खिलाड़ियों का गुस्सा साफ दिखाई दिया।

## मैच का नतीजा भी छूटा पीछे

इस पूरे विवाद के बीच मैच का नतीजा कहीं पीछे छूट गया। ऑस्कर सिएल्वा के पेनल्टी गोल की बदौलत ह्यूएस्का ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने पॉइंट्स टेबल में जरागोजा को पीछे छोड़ दिया, हालांकि दोनों टीमें अभी भी रेलेगेशन जोन में हैं।

## आंद्रादा ने मांगी माफी

मैच के बाद आंद्रादा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, 'मैं अपना ध्यान खो बैठा था और जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं और जो भी सजा मिलेगी, उसे स्वीकार करूंगा।'

## क्लब ने भी जताई नाराजगी

रियल जरागोजा क्लब ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। क्लब ने अपने बयान में कहा, 'हमने ऐसे दृश्य देखे जो इस खेल के अनुरूप नहीं हैं और कभी नहीं होने चाहिए थे। ये घटनाएं हमारे क्लब और हमारे फैंस के मूल्यों को नहीं दर्शातीं। हम कई लोगों, खासकर बच्चों के लिए आदर्श हैं, इसलिए ऐसी तस्वीरें कभी सामने नहीं आनी चाहिए थीं।'

# पंत की रणनीति पर उठे सवाल, नरेन के सामने पूरन को भेजकर की भारी भूल

## सुपरओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स को तोहफे में दी जीत



**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपरजाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला क्रिकेट फैंस के लिए किसी थ्रिलर से कम नहीं था। मैच आखिरी गेंद तक गया, जहां मोहम्मद शमी के छक्के ने स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबला सुपर ओवर में पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद जो हुआ, उसने लखनऊ की रणनीति और कप्तानी दोनों पर सवाल खड़े कर दिए।

### रिंकू सिंह और नरेन ने पलटा पूरा खेल

रिंकू सिंह ने नाबाद 83 रन की शानदार पारी खेलकर केकेआर को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं सुपर ओवर में सुनील नरेन ने घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ एक रन देकर दो विकेट झटके। नतीज- एलएसजी सिर्फ एक रन बना सकी, जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम सुपर ओवर स्कोर बन गया। इसके जवाब में केकेआर ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### बड़ा सवाल- पूरन को क्यों भेजा गया?

सुपर ओवर में लखनऊ ने निकोलस पूरन और एडेन मार्करम को बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि टीम के पास ऋषभ पंत, मिचेल मार्श और मुकुल चौधरी जैसे विकल्प मौजूद थे। पूरन उस मैच में पहले ही नौ रन बनाकर आउट हो चुके थे और पूरे सीजन में उनका फॉर्म बेहद खराब रहा है। वह आईपीएल 2026 में अब तक आठ मैचों में सिर्फ 82 रन बना सके हैं।

### कहानी बद से बदतर हो गई

जब 12 साल पहले सुपर ओवर में पूरन और नरेन आमने-सामने आए थे, तब भी नतीजा लगभग ऐसा ही रहा था। पूरन पहली चार गेंदों पर कोई शॉट ठीक से कनेक्ट नहीं कर पाए थे और पांचवीं गेंद पर लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट हो गए थे। इस बार भी कहानी नहीं बदली, बल्कि और खराब हो गई। सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर नरेन ने पूरन को बोल्ड कर दिया, जिससे लखनऊ की उम्मीदें शुरुआत में ही खत्म हो गईं।

**टी20 सुपर ओवर में पूरन VS नरेन**

| | |
|---|---|
| कैरिबियाई लीग 2014 | 0 रन (5 गेंद) |
| कैरिबियाई लीग 2021 | 1 रन (2 गेंद) |
| आईपीएल 2026 | 0 रन (1 गेंद) |
| कुल | 1 रन, 2 बार आउट |

### आंकड़े क्या कहते हैं?

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो यह फैसला और भी हैरान करता है, क्योंकि सुपर ओवर में पूरन का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। उन्होंने सुपरओवर में कुल 10 गेंदों में सिर्फ एक रन बनाए हैं। वह पांच बार आउट हो चुके हैं। इतना ही नहीं, सुनील नरेन के खिलाफ सुपर ओवर में आठ गेंदों पर वह सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। यानी जिस बल्लेबाज को सबसे अहम मौके पर भेजा गया, उसके आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल खिलाफ थे।

### नंबर झूठ नहीं बोलते

कोच लैंगर ने भले ही पूरन पर भरोसा जताया हो, लेकिन आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल उलट कहानी बताते हैं, खासतौर पर जब सामने गेंदबाज नरेन हों। ये आंकड़े साफ दिखाते हैं कि सुपर ओवर जैसे हाई-प्रेशर मोमेंट में पूरन का रिकॉर्ड नरेन के खिलाफ बेहद कमजोर रहा है। ऐसे में उन्हें सबसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजना एक बड़ा जोखिम था, जो आखिरकार लखनऊ टीम पर भारी पड़ गया।एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के निशाने पर आ गए। फैंस का कहना था कि पंत को पूरन और नरेन के पुराने रिकॉर्ड की जानकारी होनी चाहिए थी। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इतने बड़े मैच में ऐसा जोखिम भरा फैसला क्यों लिया गया। कुछ फैंस का मानना था कि पंत खुद या मिचेल मार्श या फिर मुकुल चौधरी को पहले भेजना चाहिए था, जिससे टीम को बेहतर शुरुआत मिल सकती थी।

# रघुवंशी आउट भी हुए और अब जुर्माना भी देना होगा!



**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद केकेआर के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्हें मैच के दौरान गुस्से में किए गए व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' पर आउट होने के बाद भड़के

यह घटना मैच के पांचवें ओवर में हुई, जब रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के तहत आउट दिया गया। इस फैसले के बाद वह अपना आपा खो बैठे और गुस्से में आकर उन्होंने बैट से बाउंड्री कुशन पर मारा। इतना ही नहीं, उन्होंने अपना हेलमेट भी डगआउट की ओर फेंक दिया, जो आईपीएल के आचार संहिता के खिलाफ है।

### आईपीएल ने सुनाई सजा

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अंगकृष रघुवंशी, कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज और विकेटकीपर, पर मैच नंबर 38 में आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है।' आगे बताया गया कि उन्होंने आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान उपकरण या मैदान से जुड़े सामान के दुरुपयोग से संबंधित है। रघुवंशी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया है। आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-एक के उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। लखनऊ के खिलाफ यह मैच केकेआर ने सुपर ओवर में जीता था, लेकिन इस जीत के बीच रघुवंशी का यह व्यवहार चर्चा का विषय बन गया।

# दो दिग्गज भिड़ेः श्रेयस-पाटीदार या ईशान में श्रेष्ठ कप्तान कौन? सहवाग-जहीर ने रखी अलग-अलग राय

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बेहतरीन नेतृत्व दिखाया है। टीम ने अपने पहले सात मैचों में छह जीत और एक 'नो रिजल्ट' के साथ शानदार शुरुआत की है। अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने सीजन के शुरुआती सात मैचों में हार का सामना नहीं किया।

### सहवाग ने दी परफेक्ट रेटिंग

पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अय्यर की कप्तानी से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अय्यर को पूरे 10 में 10 अंक दिए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने थोड़ा अलग नजरिया पेश किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'सख्त टीचर ने तो पूरे नंबर दे दिए, लेकिन उदार टीचर ने नहीं।' इस पर सहवाग ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि शायद जहीर ने पिछले सीजन के फाइनल में मिली हार (पंजाब की बेंगलुरु से हार) के कारण अंक काटे होंगे। जहीर खान ने अय्यर की कप्तानी को सराहा जरूर, लेकिन उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान



रजत पाटीदार की लीडरशिप को उनसे आगे बताया। उन्होंने कहा कि भले ही पंजाब किंग्स अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

### ईशान की कप्तानी की भी तारीफ

जहीर खान ने सनराइजर्स हैदराबाद के स्टैंड-इन कप्तान ईशान किशन की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में उन्होंने पैट कमिंस के लीडरशिप स्टाइल को फॉलो किया, लेकिन कुछ मैचों के बाद उन्होंने अपना खुद का तरीका अपनाया और टीम मैनेजमेंट को बदलाव के लिए राजी किया।'

### पॉइंट्स टेबल में पंजाब टॉप पर

फिलहाल पंजाब किंग्स 14 में से 13 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स 10-10 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। आईपीएल में अब प्लेऑफ की जंग रोमांचक हो चली है। 24 मई को लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले खेले जाएंगे। हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक नॉकआउट चरण का शेड्यूल नहीं जारी किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट, सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।

इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटी हेड प्रवीण सिंह ने बताया कि कच्चे तेल और डॉलर में मजबूती के कारण स्पॉट गोल्ड 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 4,580 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा कि महंगाई की चिंता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने से डॉलर को समर्थन मिल रहा है और कीमती धातुओं पर दबाव पड़ रहा है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।